


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 18 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-171 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### तीज मनाने मायके जाने निकली महिला लापता

**मुंगेली,18 सितंबर।** घर से मायके जाने निकली 60 वर्षीय महिला रहस्यमय तरीके से लापता हो गई है. परिजनों ने लापता महिला की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका. जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है. इधर पुलिस भी अपने स्तर पर गुम महिला की तलाश में जुट गई है. परिजनों के बताए अनुसार मुंगेली जिले की सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के भुरका निवासी लता सिंह ठाकुर पति सनत सिंह ठाकुर उम्र 60 वर्ष शुक्रवार को 12 बजे के करीब घर से तीजा मनाने मायके छितापुर जाने घर से ऑटो से निकली थी. बताया जा रहा है कि ऑटो ड्राइवर ने उसे मुंगेली के बस स्टैंड के पास छोड़कर चला गया है. इधर शाम को परिजनों ने फोन कर छितापुर में सम्पर्क किया तब लता सिंह के मायके नहीं पहुंचने की जानकारी दी.



### जयशंकर ने फिर चीन को बताई उसकी हद

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** एक पुरानी कहावत है कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन को एक बार फिर से उसकी हद समझाई है। उन्होंने चीन पर तंज कसते हुए कुछ ऐसा बोला जिससे बीजिंग बौखला सकता है। जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी मुल्क बुरे नहीं हैं। वे एशियाई या अफ्रीकी मुल्कों के बाजारों में अपना सामान बेतहाशा ढंग से नहीं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पश्चिमी मुल्कों को लेकर बने इस नकारात्मक रवैये वाले सिंड्रोम से उबरने की जरूरत है। दुनिया अधिक जटिल है, समस्याएं उससे कहीं अधिक जटिल है। पूर्व भारतीय राजनयिक टी पी श्रीनिवासन ने मंत्री का साक्षात्कार लिया।यह पूछे जाने पर कि क्या चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि भारत को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में देखा जाए, जयशंकर ने कहा कि ये अटकलें हैं। उन्होंने कहा कि आज मुद्दा पिछले 15-20 वर्षों में वैश्वीकरण की असमानताओं पर एक मजबूत भावना का निर्माण है, जहां देशों ने अपने उत्पादों, विनिर्माण और रोजगार को अपने बाजारों में सस्ते सामानों से भर जाने के कारण तनाव में देखा है।

### पत्रकारों के सवाल पर नीतीश ने पकड़ी मंत्री की गर्दन

**पटना,18 सितंबर।** पटना में जब सीएम नीतीश कुमार से एक सवाल पूछा गया तो उन्होंने पीछे मुड़कर अपने साथ खड़े मंत्रियों में पहले अशोक चौधरी को ढूंढा और फिर गर्दन पकड़ कर उन्हें खींचकर जबरन मीडिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया. नीतीश कुमार की इस अप्रत्याशित प्रतिक्रिया को देखकर वहां मौजूद पत्रकार और मीडियाकर्मी भी हैरान हो गए. दरअसल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मॉरीशस के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिवसागर रामगुलाम की जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे थे. पटना में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नीतीश कुमार जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा तो उन्होंने अपने कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी की गर्दन पड़कर उन्हें मीडियावालों के आगे कर दिया. नीतीश कुमार ने अशोक चौधरी का गर्दन पकड़कर उन्हें आगे करते हुए कहा कि हमारे यहां भी एक पुजारी हैं, जो टीका लगाते हैं.

# वोट फॉर कैश कांड और इमरजेंसी भी यहीं देखी

## पुराने संसद भवन से विदाई में पीएम मोदी के तीखे तंज

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** गणेश चतुर्थी यानी मंगलवार से देश की नई संसद का श्रीगणेश होने वाला है। इससे पहले सोमवार को संसद के विशेष सत्र का पहला दिन पुराने ही भवन में आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण से हुई, जिन्होंने विरासत को याद किया तो कुछ घटनाओं को लेकर तंज भी कस दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसी सदन में जब आजादी के



बाद नेहरू ने अपना पहला भाषण दिया था तो वह ऐतिहासिक घटना थी। उस भाषण से पीढ़ियां आगे भी प्रेरणा लेती रहेंगी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश के जवानों का हौसला बढ़ाया था। पीएम मोदी ने कहा कि इसी सदन ने इमरजेंसी देखी। इसी ने फिर मजबूत लोकतंत्र की वापसी देखी। उन्होंने कहा कि यहीं पर चौधरी चरण सिंह ने पहली बार ग्रामीण विकास मंत्रालय का गठन किया। फिर भारत की आर्थिक परिस्थिति के लिए नरसिम्हा राव सरकार ने उदारीकरण का फैसला लिया। यहीं पर अटल जी ने जनजातीय कार्य मंत्रालय, पूर्वोत्तर मंत्रालय के गठन का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान यूपीए सरकार पर चुटकी भी ली। पीएम मोदी ने कहा कि यहीं पर हमने मनमोहन सरकार के दौर में यहीं पर वोट फॉर कैश कांड भी देखा। उन्होंने कहा कि इसी सदन में दशकों से अटके फैसले लिए गए। 370 हटाई गई और एक देश, एक टैक्स का फैसला लिया।

हमने इसी सदन ने वह वक्त भी देखा है, जब 4 साल वाली पार्टी सत्ता में जाती थी और 100 वाली विपक्ष में होती थी। इसी सदन में एक वोट से अटल जी की सरकार चली गई थी और लोकतंत्र का गौरव भी बढ़ाया गया। आज छोटे-छोटे दलों ने देश के लोकतंत्र को आकर्षक बनाया है। इस देश में दो पीएम ऐसे रहे, मोरारजी देसाई और वीपी सिंह। जो पूरी जिंदगी कांग्रेस में रहे, लेकिन उससे अलग पीएम बने। इसी सदन में **छत्तीसगढ़,** झारखंड और उत्तराखंड का गठन हुआ। तब नए बने राज्य ने भी उत्सव मनाया और पुराने में भी खुशी हुई। लेकिन यहीं पर जब तेलंगाना का गठन हो रहा था तो उसके हक को दबाने के प्रयास हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी सदन में संविधान के सदस्यों ने अपने वेतन को कम रखने की बात कही थी, लेकिन इसी सदन में सब्सिडी में भोजन सांसद करते रहे। सदन में भारत की आत्मा की आवाज गूंजी है। मैं इस सदन तो प्रणाम करता हूं, जिसने पिछले 75 सालों में लोकतंत्र को सशक्त किया। उन्होंने अपने सफर को भी याद करते हुए कहा कि इसी सदन में प्लेटफॉर्म पर रहने वाले एक शख्स को मौका मिला। यही वजह थी कि सांसद बनने के बाद पहली बार जब मैं यहां आया तो सदन को झुककर प्रणाम किया।

### हमसे हर बार यही पूछते हैं 70 साल में क्या किया: खड़गे

सदन में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमसे हर बार यही पूछा जाता है कि 70 साल में क्या किया? खड़गे ने जवाब में कहा कि हमने वही किया जो आज आप लोग आगे बढ़ा रहे हैं, उसे शुरू किया। दूसरी तरफ लोकसभा में नेता विपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने भी कहा कि हहम पर हर बार सवाल किया जाता है कि हमने कुछ नहीं किया, अगर ऐसा वाकई में है तो इसरो जैसे संस्थानों की स्थापना किसने की? 1964 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू ने इसी स्थापना की थी।

### मनमोहन सिंह बात कम, काम ज्यादा करते थे: अधीर रंजन

नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संसद भवन की पुरानी यादों का ताजा किया. उन्होंने इस दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक कई प्रधानमंत्रियों को याद किया. मनमोहन सिंह पर बात करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा,हमारे मनमोहन सिंहजी को कहा जाता था कि वह मौन रहते हैं, वह मौन नहीं रहते थे. बल्कि काम ज्यादा और बात कम करते थे. जब जी-20 का सम्मेलन हुआ करता था, उस समय भी उन्होंने कहा था कि यह हमारे देश के लिए अच्छा है.

# नई राजधानी में जी-20 समिट शुरू

## शालिनी रैना की अध्यक्षता में बैठक

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 18 सितम्बर।** भारत की आर्थिक सलाहकार शालिनी रैना की अध्यक्षता में जी-20 समूह की बैठक शुरू हो गई। बैठक में वित्तीय समावेशी एवं समायोजन के बारे में चर्चा हो रही है।

**अंतर्राष्ट्रीय वित्त व्यवस्था के सुचारु संचालन पर विचार-विमर्श**




भारत शासन के सूचना पत्र कार्यालय के अनुसार राजधानी स्थित एक निजी होटल में जी-20 के 65 प्रतिनिधि शामिल हुए। यह बैठक अपने निर्धारित समय में शुरू हुई। बैठक में फाइनेंशियल फ्रेमवर्क पर चर्चा शुरू हो गई है। बैठक में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय एवं वित्त विभाग के अधिकारी शामिल हुए हैं। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा तथा वित्तीय समायोजन के संबंध में दो दिवसीय चर्चा होगी। यह बैठक आज दिनभर व कल तक चलेगी। शिष्टमंडल में जी-20 के अमेरिका, आस्ट्रेलिया सहित यूएई के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा होनी है लेकिन रायपुर में होने वाली बैठक में सिर्फ फाइनेंशियल फ्रेमवर्क पर ही चर्चा होगी। सभी प्रतिनिधि मुंबई से यहां पहुंच गए हैं।

**मुख्य मार्गों से हटाए गए ठेले**-राजधानी रायपुर में जी-20 समूह की बैठक को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। एयरपोर्ट को सजाया गया है। नई राजधानी के चौक-चौराहों की विशेष साज-सज्जा की गई है। प्रतिनिधिमंडल अपने प्रवास के दौरान सिरपुर, जंगल सफारी, मुक्तांगन, नंदनवन तथा दीनदयाल आडिटोरियम में होने वाले सांस्कृतिक समारोह में भाग लेगा। रायपुर में आए मेहमानों को शहद व बस्तर-सरगुजा आर्ट उपहार में दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जीई रोड में सभी ठेले वालों को हटा दिया गया है।

# भिलाई की घटना को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा : सीएम बघेल

### 21 को प्रियंका गांधी,28 को खड़गे आएंगे छग



**रायपुर,18 सितंबर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर दौरे के लिए हुए रवाना हो गए हैं. हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज बीजापुर में बहुत सारे कार्यक्रम हैं. जिसमें वहां गारमेंट फैक्ट्री है और साथ ही सेंट्रल लाइब्रेरी है, उसका कार्यक्रम और बहुत से कार्यक्रम हैं. जिसमें शामिल होने जा रहा हूं. इस दौरान एआईसीसी की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे की नारजगी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे भी मीडिया के माध्यम से पता चला है. क्योंकि कल ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम सम्मेलन था तो मैं वापस आ गया था. पूरे कार्यक्रम में मैं नहीं था. इसलिए छुट्टी लेकर मैं निकल आया था. दो एकड़ जमीन दिया गया ब्राह्मण समाज को, बड़ा सम्मेलन किया गया उसमें मुझे आना पड़ा. संसद के विशेष सत्र शुरू होने को लेकर सीएम बघेल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन और पता नहीं क्या-क्या बताए थे, लेकिन एजेंडा में ऐसा कुछ है ही नहीं. परिवर्तन यात्रा में उतर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सारे नेता आ रहे हैं. केंद्रीय गृहमंत्री आ रहे हैं. कल और कोई आएंगे, लगातार दौरा रहेगा. खुर्सीपार में हुई घटना पर बीजेपी के बयान कर पलटवार करतें हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको जबरदस्ती धार्मिक रंग देने की कोशिश की जा रही है. उसमें एक युवक की हत्या हुई दुर्भाग्यजनक है. जो आरोपी हैं वह सब पकड़े गए हैं. उसके बाद भी राजनीति करने बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, इस प्रकार के मुद्दों को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं. इसके अलावा उनको कुछ और नहीं आता. भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यात्रा प्रदेश के अलग-अलग प्रकार नेता पहुंचे रहे हैं. स्वार्थ के लिए सब इकट्ठा हो रहे हैं. कभी एक दूसरे का चेहरा नहीं पसंद करते थे. राहुल गांधी के दौरे को लेकर सीएम ने कहा कि 28 तारीख को मल्लिकार्जुन खड़गे आ रहे हैं, 21 तारीख को प्रियंका गांधी आएंगी, राहुल गांधी का 25 तारीख को संभावित दौरा था. वह कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है.

# मलकीत हत्या मामले में दुर्ग-भिलाई बंद

**दुर्ग 18 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

युवक की हत्या के विरोध में आज दुर्ग बंद है। दुर्ग और भिलाई के दुकानों में सुबह से ही ताला लटका हुआ है। इस बंद को चैंबर ऑफ कामर्स का भी समर्थन है, लिहाजा बाजारों में इस बंद का व्यापक असर दिख रहा है। वहीं इस घटना को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व सैनिक संगठन ने भी अपना समर्थन दिया है। इससे पहले कलेक्टर-एसपी ने आक्रोशित लोगों के प्रतिनिधिमंडल को बुलाया था, लेकिन लोगों ने प्रशासन के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के आह्वान पर दुर्ग भिलाई के मार्केट आज बंद हैं। इससे पहले चेम्बर ऑफ कॉमर्स की टीम सुबह से ही बंद कराने निकली, जिसके बाद दुर्ग भिलाई के दो दर्जन से ज्यादा बाजार बंद हैं। खुर्सीपार थाने के सामने कई गुरुद्वारा कमेटी के जुटे हुए हैं।

वहीं मलकीत सिंह हत्याकांड मामले में मुखमंत्री भूपेश बघेल ने पीड़ित परिवार को 05 लाख रुपए का तत्कालिक सहायता राशि देने के निर्देश दुर्ग कलेक्टर को दिया है. पीड़ित परिवार को तत्काल एक स्थाई संविदा नियुक्ति नौकरी भी देने का निर्देश दिया है.

हालांकि इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उसके बाद से लगातार सिख समाज के लोग मृतक के परिजन और भाजपा के नेता खुर्सीपार थाने के सामने टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल की मांग है कि परिवार में 10वीं के आधार पर सदस्य को शासकीय नौकरी एवं जीवनयापन के लिए सहयोग के तौर पर कुछ मदद दी जाये. कलेक्टर द्वारा इन मांगों पर असहमति जताई गई।




# डंपर ने स्कूटी सवार को कुचला, मौत

## आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रख किया चक्का जाम

**भिलाई नगर 18 सितंबर।** जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोगदा पुलिया के आगे दुर्गा मंदिर के समीप डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवारी युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई स्कूटी में सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया है लोग पुलिस को घटना स्थल से शव उठाने नहीं दे रहे हैं घटना सुबह 9.30 बजे की बताई जाती है लोगों की मांग है कि मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी दिया जाये सूचना मिलते ही छावनी परिक्षेत्र के नगर पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार बंछोर जामुल थाना प्रभारी निरीक्षक याकूब मेनन, पुरानी भिलाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और चक्का जाम किया लोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है



# सीएम का छत्तीसगढ़ मॉडल फेलः कौशिक

**रायपुर,18 सितंबर**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस छत्तीसगढ़ मॉडल को लेकर मैदान में उतरेगी इसे लेकर भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इनके गठबंधन के लगातार विवादित बोल सामने आ रहे हैं. सनातन संस्कृति को खंडित करने का काम किया जा रहा है. भूपेश बघेल का छत्तीसगढ़ मॉडल फेल हो चुका है. इनको वन नेशन वन इलेक्शन पर सहमति देना चाहिए. फिर छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए. भूपेश बघेल जहां-जहां छत्तीसगढ़ मॉडल लेकर गए वहां की जनता ने नकारा है. नवंबर के चुनाव में पता चल जायगा छत्तीसगढ़ मॉडल कितना सफल हैं



अखिलेश यादव के छत्तीसगढ़ दौरे पर कौशिक ने कहा कि क्क में बसपा और सपा, दोनों को चुनाव में हार मिली है. क्की जनता ने उन्हें खारिज कर दिया. अखिलेश के छत्तीसगढ़ आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा. चाहे वह गठबंधन कर लें. प्रियंका गांधी 21 सितंबर को भिलाई दौरे पर आने वाली हैं, इसे लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का भूपेश बघेल पर से भरोसा खत्म हो गया है. उनको पता चल गया है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में वे चुनाव हारेंगे. इसलिए अब राष्ट्रीय नेताओं को आना पड़ रहा है.

धरमलाल ने सीएम भूपेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि किसान और मजदूरों के जीवन में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने का काम बीजेपी ने 15 सालों तक किया है. किसान और मजदूर के जीवन में जो परिवर्तन आया वह बीजेपी की देन है. भूपेश सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे लाभ मिला हो. बता दें कि सीएम भूपेश ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि बीजेपी को चुनाव के समय किसान और मजदूर याद आते हैं.वहीं कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव के मामले में कौशिक ने कहा कि इस मामले में मौन रहने से काम नहीं चलेगा. बीजेपी ने आरोप लगाया है तो सरकार को जांच करानी चाहिए.

# परिवर्तन यात्रा की रायपुर में भव्य स्वागत की तैयारी

## जगह-जगह झंडे व बैनर लगाए जाएंगे

**रायपुर, 18 सितम्बर।** भाजपा द्वारा सत्ता परिवर्तन के लिए निकाली गई परिवर्तन यात्रा 26 को रायपुर पहुंचेगी। इसे सफल बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। अलग-अलग स्थानों पर परिवर्तन यात्रा में भाग लेने के लिए भाजपा के शीर्ष नेता पहुंच रहे हैं। भाजपा के शहर अध्यक्ष के अनुसार रायपुर संभाग में परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व अरुण साव कर रहे हैं।

23 को यह यात्रा रायपुर जिले के नयापारा से होकर महासमुंद से 24 पिथौरा पहुंचेगी। कसडोल, बलौदाबाजार से होकर 23 को रायपुर पहुंचेगी। खैरागढ़ में चल रही परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व रमन सिंह कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार यात्रा को काफी रिस्पांस मिल रहा है। इस यात्रा का समापन बिलासपुर में होगा जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे।



**बीजापुर,18 सितंबर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईटपाल स्थित बीजापुर गवर्नमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री में चल रहे कपड़ा निर्माण के कार्यों का निरीक्षण भी किया और यहां कार्यरत महिलाओं से बात की। बघेल ने फैक्ट्री से हरी झंडी दिखाकर बाजार के लिए तैयार उत्पादों की पहली खेप को रवाना किया।

# राजधानी में गणेशोत्सव की धूम, जगह-जगह जाम

## तीजा की खरीदारी से मालवीय रोड में हो रहा यातायात प्रभावित

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 18 सितम्बर।** राजधानी में तीजा एवं नुआखाई पर सभी प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। गणेश प्रतिमा खरीदने के लिए आमापारा, सत्तीबाजार, रामकुंड से बाजे-गाजे के साथ भक्त मूर्ति ले जा रहे हैं जिसके कारण यातायात जाम हो रहा है। राजधानी में इस समय गणेशोत्सव की धूम है। भक्त माना तथा दुर्ग के पास औंधी से विशाल मूर्तियां बाजे-गाजे के साथ ट्रेलरों में ला रहे हैं। भक्त आकर्षक सजावट के अलावा स्थल झांकियों को भी अंतिम रूप दे रहे हैं। गुढ़ियारी, नेहरू नगर, कालीबाड़ी चौक में आकर्षक झांकियां बनाई जा रही है। इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। आमापारा में सड़क किनारे रक्षाबंधन से अभी तक बाजार लगाया जा रहा है। जिसके कारण आजाद चौक से लेकर विवेकानंद आश्रम एवं आमापारा में जाम लगा रहता है वहीं सत्तीबाजार में भी जाम लगा हुआ है। इसके कारण आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। त्योहारी सीजन में मालवीय रोड में सबसे ज्यादा खरीदारी हो रही है। नुआखाई और तीजा के लिए साड़ी सहित पूजन सामग्री खरीदने के लिए लोग उमड़ रहे हैं जिसके कारण यहां पर जाम लगा हुआ है। मालवीय रोड में जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है।



## एक नजर

### पीएम मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया



**जामुल, 18 सितंबर।** जामुल मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। इस बीच जिलाउपाध्यक्ष व पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओ को जोश भरते हुए कहा कि आज मोदी को विश्व में जो मान सम्मान मिल रहा है इसका एक मात्र कारण हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी को समर्पण को जाता है।मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अनु जाती अश्वनी टंडन, जिला एनजीओ सप्रभारी व पूर्व जिला उपाध्यक्ष भिलाई दिनेश पांडे जिलाउपाध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र साहू, महामन्त्री नूतन वर्मा, प्रशांत बंटी गुप्ता, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, मण्डल सहप्रसार मंत्री ओमप्रकाश साहू, युवामोर्चा महामन्त्री अनूप राय, उपाध्यक्ष किशन गर्ग, युवा नेता ओमप्रकाश साहू सहित सैकड़ों जन मानस उपस्तिथ रहे।

### नाबालिग ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 18 सितंबर।** भिलाई नाबालिग ने बर्थ डे के दिन ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों से उसे तुरंत अस्पताल पहुचाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी पी कौशल 17 वर्ष घर पर ही फांसी लगा लिया जिसे तुरंत परिजनों ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचे थे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक क्रिकेट खेलने का शौकिन था कौशल पढ़ाई लिखाई में सबसे बेहतर था परिजन कौशल को क्रिकेट में भविष्य बनाने के लिए सहयोग करते थे आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस ने उसका मोबाइल फोन जब्त किया है जिसकी जांच में पुलिस जुटी है मृतक कौशल का जन्मदिन 16 सितंबर को था दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने निकला और फिर दोपहर में घर पर ही आत्महत्या कर ली ।

### दो के खिलाफ मैनेजर ने रिपोर्ट लिखाई

**भिलाई, 18 सितंबर।** भिलाई रसमड़ा स्थित अपर्णा कार्बन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर ने अपने ही कंपनी में सैंपल अनलोडिंग करने वाले कर्मचारी और टैंकर चालक के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के रिपोर्ट दर्ज कराई है आरोपितों ने मिलीभगत कर टैंकर के एक चैंबर से 400 किलो कोल तार को ओडिशा में बेच दिया। घटना की शिकायत पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि अपर्णा कार्बन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर हंसराज शर्मा ने अपने कंपनी के सैंपल स्टाफ राम सागर तिवारी और टैंकर के चालक अमृत लाल पाल के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टैंकर चालक अमृत लाल पाल बीते छह सितंबर को टाटा स्टील लिमिटेड कलिंगा नगर ओडिशा से टैंकर क्रमांक एमएच 43 बीपी 3896 में कोल तार ओडिशा कोल को बेचने के बाद टैंकर के उस चैंबर में पानी भरकर रसमड़ा पहुंचा था आरोपित कंपनी के मैनेजर की शिकायत परआरोपितों के खिलाफ जेवरा सिरसा चौकी पुलिस की प्राथमिकी भरकर रमसड़ा के लिए निकला था वो आठ सितंबर को जेवरा सिरसा पहुंचा दूसरे आरोपित राम सागर तिवारी ने लैब। स्टाफ चितरंजन नागद्रेवे की उपस्थिति में सभी टैंकर के चेंबर से कोल तार का सैंपल लिया सैंपल की जांच में एक चेंबर में पानी निकला पूछताछ करने पर चालक अमृत लाल पाल ने जानकारी दी कि उसने सैंपल अनलोडिंग स्टाफ राम सागर तिवारी के कहने पर कोलतार को ओडिशा की ही एक कंपनी में बेच दिया था और उसकी जगह चेंबर में पानी भर दिया था।

गबन किए गए कोल तार की कीमत 35 हजार रुपये आकी गई है

# कबड्डी प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 18 सितंबर।** थाना सिघनपुरी अंतर्गत ग्राम कोयलारी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम खेल समिति और ग्रामवासी के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुवे। पुलिस अधीक्षक के गांव पहुंचने पर हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने पारम्परिक तरीके से भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होने विजेता टीम, खिलाड़ी को शील्ड मोमेंटो और नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीण, महिला युवा पीढ़ी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी ग्राम वासियों एवं खिलाड़ियों को जानकारी दिया गया कि इस प्रकार का आयोजन जिले के सभी थानों में समय समय पर कराया जा रहा है, जिसका उदेश्य मात्र एक है कि जनता और पुलिस को आपस में जोडे रखना, ताकि हर प्रकार से आम जनो को भयमुक्त, अपराध मुक्त, नशा मुक्त, पुलिस से मधुर संबंध स्थापित कर आम लोगो के बीच सरलता से पहुंचा जा सके और शासन प्रशासन के नियमों कि जानकारी जन जन तक पहुंचाई जा सके।

युवाओं को खेल, मेहनत, सकारात्मक सोच और भविष्य के लिए मेहनत करने कहा एसपी डॉ. पल्लव ने युवाओं को खेल, मेहनत, सकारात्मक सोच और भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए बताया। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने यातायात नियमों को विस्तारपूर्वक समझाया और हम सब को इन नियम का पालन करना चाहिये ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। धोखाधड़ी से बचने और धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों से रहने तथा उनके रोकथाम के उपाय सभी को बताया गया। जिससे वनांचल क्षेत्र को नशामुक्त, अपराधमुक्त बनाया जा सके। किसी भी प्रकार के समस्या होने पर तत्काल थाना आकर जानकारी दे थाना प्रभारी द्वारा अभार व्यक्त कर सभी टीमों को शुभकमनाएं दिये और अधिक संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार के समस्या होने पर तत्काल थाना आकर या दुरभाष के माध्यम से सुचित करने कहा गया।

### 21 सितंबर को भिलाई में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन

**दुर्ग 17 सितंबर।** जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम के पास 21 सितंबर 2023 को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आयोजन की तैयारियों की संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आवश्यक तैयारियां हेतु विभागवार अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर ने कहा की विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को मंच एवं स्टाल पर राशि का चेक एवं समाग्री वितरण किया जायेगा। विभागवार हितग्राहियों की पृथक-पृथक सूचि तैयार कर ली जाये। लाभान्वित हितग्राही संभाग व राज्यस्तर का हो यह सुनिश्चित किया जाये।



### महिला समाज ने छात्राओं को वितरित किया सेनेटरी पैड

**भिलाई,18 सितंबर।** भिलाई महिला समाज स्मृति नगर शाखा द्वारा रविवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय जुनवानी में नौवी और दसवी कक्षा की 53 छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किया गया। महिला समाज की सदस्यो द्वारा नियमित सामाजिक कार्यो को संचालित किया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वर्षा ठाकुर ने भिलाई महिला समाज स्मृति नगर शाखा की सचिव श्रीमती मंजू पाल, श्रीमती तृप्ति अग्रवाल सहसचिव, श्रीमती उषा मिश्रा स्वरूप कोषाध्यक्ष एवं सदस्य सीमा स्वरूप, ममता द्विवेदी, सुनीता सिंह, स्वाति परिहार को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

## नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विधानसभा निर्वाचन के लिए आवश्यक सभी तैयारी सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**कवर्धा,18 सितंबर।** कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने संयुक्त रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की सिलसिले में नवीन कृषि उपज मंडी परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की दृष्टि से आवश्यक सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए लोकनिर्माण विभाग एवं कृषि उपज मंडी सचिव को निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री महोबे में दोनो विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवीन कृषि उपज मंडी परिसर से ही विधानसभा निर्वाचन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य इसी परिसर में होती है। इसलिए आवश्यक सभी महत्वपूर्ण तैयारी शीघ्रता से पूरा करे। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में दो विधानसभा क्षेत्र,



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 है। इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल समाग्री का वितरण,मतदान दल की रवानगी, दोनो विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांगरूम, मतगणना रूम, एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आब्जर्वर का मॉनिटरिंग कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी का मॉनिटरिंग कक्ष, सीसीटीवी रूम, सुरक्षा अधिकारियों का कक्ष एवं कानून तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा जवानों के ठहरने की पूरी व्यवस्था इसी नवीन कृषि उपज मंडी परिसर किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग अनुपालन एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन की सभी महत्वपूर्ण आवश्यक कार्य के लिए इस बार भी कृषिउपज मंडी परिसर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चयन किया गया है। कलेक्टर ने लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं कृषि उपज मंडी सचिव को समय सीमा के भीतर आवश्यक सभी तैयारियां रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर कवर्धा एसडीएम पीसी कोरी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन सहित अन्य प्रशानिक अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में उत्साह से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**भिलाई,18 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में आज 17 सितम्बर को उत्साह और धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा संपन्न हुई। प्रत्येक विभाग के विभिन्न अनुभागों में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की बड़े उमंग व उत्साह के साथ पूजा अर्चना की गई। आज प्रातः काल से भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा विभिन्न विभागों में विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना के साथ ही लोगों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई सम्प्रेषित की गई। साथ ही उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और श्रेष्ठ कार्य करने का आग्रह किया। विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और पूजा में शामिल हुए। इस भ्रमण के दौरान संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस्पात भवन के अपने कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा संपन्न करने के उपरांत संयंत्र भ्रमण की शुरुआत की। उन्होंने एचआरडी में विराजमान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की। भ्रमण के इस क्रम में बीएसपी के निदेशक प्रभारी एवं उच्च प्रबंधन की टीम ने प्रोजेक्ट्स में एक्सपांशन बिल्डिंग सभागार-3, बार एंड रॉड मिल, यूनिवर्सल रेल मिल, टी एंड डी, मेकेनिकल, एसएमएस-3, पी एंड बीएस, ब्लास्ट फर्नेस, कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग, एसपी-3, ओएचपी, एसएमएस-2, प्लेट मिल, इलेक्ट्रिकल तथा फायर ब्रिगेड का भ्रमण कर लोगों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दी।

## घर-घर में विराजेंगे विनायक, माटी की प्रतिमा करें स्थापित: महापौर

**दुर्ग, 18 सितंबर।** नगर पालिक क्षेत्र सीमा अंतर्गत शहर में 18 सितंबर से गणेश उत्सव की शुरुआत हो रही है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस साल गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 सितंबर को हैं।शहर सहित अंचल में घर-घर में भगवान श्री गणेश विराजेंगे।वहीं इस बार भी नगरवासियों को माटी की ही मूर्तियां घरों में विराजित करना है, क्योंकि पीओपी से बनी मूर्तियां नदी और पर्यावरण के लिए घातक हैं। प्लास्टर आफ पेरिस (पीओपी) से नदी व पर्यावरण प्रदूषित होता है। मिट्टी की मूर्तियां शास्त्रोक्त हैं। उन्होंने कहा गणेशोत्सव पर जगह-जगह मूर्तियों की स्थापना की जाएगी।सभी लोग मिट्टी की मूर्ति की स्थापना करें। नदी व तालाबो को प्रदूषण से बचाने के लिए सिर्फ मिट्टी की मूर्ति विराजित करने की अपील की जा रही है।महापौर ने शहरवासियों से मिट्टी के गणेश स्थापना की अपील की है।महापौर व आयुक्त ने शहर की जनता से अपील की है कि इस वर्ष गणेशोत्स्व के दौरान अपने अपने घरों में मिट्टी की गणेश प्रतिमा की ही स्थापना करें। साथ ही उन्होंने कहा कि ÷माटी से निर्मित गणेश को घर घर में विराजित कर पूजन करें।आपसे भी अपील है कि इस मुहिम का हिस्सा बनें और माटी से बने गणेश का प्रचार करने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें।मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस मुहिम से जुड़कर स्वच्छता का सरताज हमारा शहर पर्यावरण संरक्षण में भी नं.1 बनेगा।

## हत्या के मामले में दो भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई, 18 सितंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र कोहका में हत्या की एक और वारदात हुई। इस घटना में दो भाइयों ने एक युवक की बेस बाल से पीट पीटकर हत्या कर दी। एक आरोपित अपने मोहल्ले में एक लड़की को सरेराह गले लगाते हुए अश्लील हरकत कर रहा था मृतक के छोटे भाई ने उसे ऐसा करने से मना किया तो उसने विवाद शुरू कर दिया अपने बड़े भाई को भी बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी बीच बचाव करने आए बड़े भाई पर आरोपितों ने बेस बाल से प्रहार किया उसके सीने में गंभीर अंदरूनी चोट लगी और उसकी अस्पताल में मौत हो गई घटना के बाद दोनों आरोपित फरार हो गए थे







जिन्हें नागपुर के पास से गिरफ्तार किया गया आरोपितों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत स्मृति नगर चौकी प्रभारी नवीन सिंह राजपूत ने बताया कि कोहका के सुंदर नगर में चंद्रशेखर (38) की हुई हत्या के आरोप में उसी मोहल्ले में रहने वाले गोविंदा चौधरी और उसके छोटे भाई सचिन चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शनिवार की रात को सचिन चौधरी अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने मोहल्ले में खड़े होकर बात कर रहा था। बातचीत के दौरान उसने अपनी गर्लफ्रेंड को सरेराह गले लगा लिया। जिस जगह पर सचिन ये सारी हरकत कर रहा था, मृतक चंद्रशेखर का घर ठीक उसके सामने था। चंद्रशेखर के छोटे भाई युगलकिशोर ठाकुर ने आरोपित को देखा और उसे अश्लील हरकत करने से मना किया। बस इसी बात पर आरोपित सचिन ने विवाद शुरू कर दिया। उसने अपने बड़े भाई गोविंदा को भी बुला लिया। इसके बाद दोनों आरोपितों ने मिलकर युगल किशोर से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देख युगल किशोर का बड़ा भाई चंद्रशेखर ठाकुर बीच बचाव करने के लिए निकला तो आरोपितों ने उससे भी मारपीट की। गोविंदा ने अपने घर से बेस बाल निकाला और चंद्रशेखर के सीने पर लगातार वार कर दिया चंद्रशेखर बेहोश हो गया तो दोनों आरोपित वहां से भाग निकले चंद्रशेखर को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया घटना की जानकारी लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और दोनों आरोपितों को नागपुर से गिरफ्तार किया ।

### निगम की वाहन शाखा व फील्टर प्लान्ट में मनाई विश्वकर्मा जयंती



दुर्ग, 18 सितंबर। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत निगम के वाहन शाखा और बीआईटी के निकट फील्टर प्लांट में आज धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव, आरएन वर्मा,प्रभारी भोला महोविया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर शहर के नागरिको की सुख और समृद्धि के लिए कामना की। इस दरमियान विधायक,महापौर एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सभापति राजेश यादव,पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,वाहन शाखा के प्रभारी भोला महोविया तथा एमआईसी संजय कोहले,पार्षद,एलडरमेन सहित अधिकारियों/कर्मचारियों ने वाहनों की पूजा भी की।प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पालिक निगम दुर्ग के वाहन शाखा और फिल्टर प्लांट में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना के पश्चात यज्ञ किया गया। विगत 2 दिनों से निगम के वाहन शाखा में विश्वकर्मा जयंती की तैयारियां की गई। वाहन शाखा में बड़ी संख्या में वाहन रखे जाते हैं और यहां से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हेतु वाहन को रवाना किया जाता है। विश्वकर्मा जयंती के एक दिन पूर्व से वाहनों तथा औजारों की साफ सफाई की गई।जनप्रतिनिधियों के लिए महाभोग प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। पूजा के बाद सभी ने महाभोग प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के दौरान विशेष तौर पर जलकार्य विभाग प्रभारी संजय कोहले,मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,श्रद्धा सोनी,बृजलाल पटेल,निर्मला साहू,ज्ञानदास बंजारे,मनीष बघेल,माहेश्वरी ठाकुर,एल्डरमेन रत्ना नारमदेव,देव सिन्हा,हरीश साहू,जगमोहन ढीमर,कृष्णा देवांगन,कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय,गिरीश दीवान,आरके बोरकर,शुभम गोइर एवं अन्य पार्षद गण,अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की तैयारी वाहन शाखा प्रभारी अधिकारी शौएब अहमद एवं सूरज सारथी ने की थी।

### अनाज दलहन एवं तिलहन बीजों के विक्रय दर निर्धारित

**दुर्ग 18 सितंबर ।** राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति द्वारा अनुमोदित रबी 2023-24 हेतु अनाज दलहन एवं तिलहन प्रमाणित बीजों के विक्रय दर निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार गेहूं 10 वर्ष के अंदर की किस्में 3,900 रूपया प्रति क्विंटल, गेहूं 10 वर्ष के ऊपर की किस्में 3,750 रूपया प्रति क्विंटल, चना 10 वर्ष के अंदर की किस्में व 10 वर्ष के ऊपर की किस्में 8,000 रूपया प्रति क्विंटल, मटर समस्त किस्में 8,900 रूपया प्रति क्विंटल, मसूर समस्त किस्में 10,000 रूपया प्रति क्विंटल, मूंग समस्त किस्में 11,000 रूपया प्रति क्विंटल, तिवरा समस्त किस्में 5,328 रूपया प्रति क्विंटल, सरसों समस्त किस्में 7,500 रूपया प्रति क्विंटल, अलसी समस्त किस्में 6,500 रूपया प्रति क्विंटल, कुसुम समस्त किस्में 6,284 रूपया प्रति क्विंटल, मूंगफली समस्त किस्में 8,500 रूपया प्रति क्विंटल, उड़द समस्त किस्में 10,250 रूपया प्रति क्विंटल। बीज प्रबंधक रूआंबांधा श्री एस के बेहरा से प्राप्त जानकारी अनुसार आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटर अधिक हई।

# योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाएं: ताम्रध्वज

भिलाई,18 सितंबर। गृह मंत्री, लोक निर्माण एवं कृषि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू आज 36 फोर्ट मैरिज रिसॉर्ट में आयोजित श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि श्रमिक सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाने को कहा। मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं तथा उनमें कार्यरत श्रमिकों से अभिदाय प्राप्त किया जाता है। प्राप्त अभिदाय एवं शासन द्वारा दी गई सहायता अनुदान राशि से संगठित श्रमिकों के कल्याण हेतु योजनाएं संचालित की जाती है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए 66 प्रकार की योजनाएं




संचालित है, ताकि श्रमिकों के साथ-साथ उनके बच्चों को भी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे श्रमिक व अन्य जनप्रतिनिधि शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके। आप सुखी रहें आपका परिवार सुखी रहें इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री केशव बंटी हरमुख ने कहा कि श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। अब तक करीब 45 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है।

श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री सशक्ति सहायता योजना के 53, मिनीमाता महतारी जतन योजना के 49, मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के 11, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के 1310, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना के 534 एवं ई-रिक्शा सहायता योजना के 10 इस प्रकार कुल 1967 हितग्राहियों को 90 लाख और श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना के 520, सायकल सहायता योजना के 269 एवं सिलाई मशीन सहायता योजना के 48 इस प्रकार कुल 837 हितग्राहियों को 43 लाख रूपए की राशि का चेक वितरित किया गया।

इस मौके पर मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने नियोजकों को उत्कृष्ट श्रमिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया जिसमें -भिलाई इंजीनियरिंग एंड फेबीकेशन, भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमि., जे.डी.फूडस प्रोडक्शन प्रा.लि., सिम्पलेक्स लिमि., रायपुर पावर एण्ड स्टील लिमि., निशेस इसपात प्रा.लि., जय श्री बाला जी इंडस्ट्रीज, टापबर्थ स्टीलस एंड पावर प्रा.लि., एनटीपीसी सेल पावर कम्पनी प्रा.लि., छ.ग. डिस्लरी लिमि., सोना वेबरेज, जे.के.लक्ष्मी सीमेंट, एसीसी सीमेंट, बीईसी फूडस, बीएसपी भिलाई स्टील प्लांट, कैरो स्क्रेप, वोशलो बीके, राईस मिमल, श्री सीता राईस मिल, श्री सीता पल्सेस(दाल मिल), कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई, पीडिया हेल्थ प्रा.लि., दत्ता इंटरप्राईजेस, खालसा इंजीनियरिंग, सिक्योरिटी सर्विस, साई राम मोर्टस को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमां चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, सदस्य श्रम कल्याण मंडल झुमुक लाल साहू अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, अध्यक्ष माटी कला बोर्ड बालम चक्रधारी ,पिछड़ा वर्ग आयोग आर एन वर्मा,पूर्व महापौर नीता लोधी, रजक कल्याण मंडल सदस्य राजेंद्र रजक,अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी,कृषि सभापति योगिता चंद्राकार,जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़,मोहन हरमुख,सरोजनी चंद्राकार, वीरेंद्र यादव,हेमंत बंजारे,मुकुंद पारकर सहित समस्त जनपद सदस्य गण,समस्त सरपंच गण,आयुक्त एस एल जांगड़े,हेल्थ एवम् सेफ्टी आशुतोष पांडे,सहायक आयुक्त श्रद्धा केशरवानी सहित श्रम कल्याण मंडल के अधिकारी कर्मचारी सहित भारी संख्या में श्रमिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बसंतपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले के खिलाफ की कार्रवाई

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** 17 सितंबर को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी के पास बसंतपुर राजनांदगांव में एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने मोटर सायकल में शराब रखकर बिक्री कर रहा है, कि सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल राजनांदगांव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में टीम गठित कर सूचना तस्दीक हेतु रवाना होकर कृषि उपज मंडी के पास बसंतपुर गया, जहां एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल में शराब रखकर बिक्री कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम हरीश साहू पिता राकेश साहू उम्र 21 साल निवासी महामाया चौक बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरी में 80 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब मात्रा 14.400 बल्क लीटर एवं शराब बिक्री रकम 450 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल ग्लैमर क्रमांक सीजी 08 एफ 4290 कीमती 10,000 रूपये कुल जुमला 16850 रूपये को जप्त किया गया।

### 40 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्रीमान् अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.09.2023 को मुखबीर की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमे घटना स्थल पुराना गंज चैक के पास राजनांदगांव आम स्थान में आरोपी जीवेश मेश्राम पिता राजू मेश्राम उम्र 24 वर्ष साकिन केशर नगर गायत्री स्कूल के पास अटल आवास राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगॉव (छ0ग0) के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 7.200 बल्क लीटर कीमती 3200 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (2) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 732/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि0 शत्रुहन टंडन, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा एक युवक पुलिस की गिरफ्त में

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देश के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री प्रभात पटेल के मार्गदर्षन में दिनांक 16.09.2023 को प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का, थाना प्रभारी छुरिया के द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु मुखबीर सुचना पर रेड कार्यवाही करते हुए चंदैनीडीह नाला के पास साधन का इंतजार कर रहे आरोपी अज्जू उर्फ अजय पटोरिया पिता जुगल किशोर पटोरिया उम्र 20 साल निवासी ग्राम वार्ड नंबर 02 छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1760 रूपये मिला। उक्त शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 282/2023 धारा 34(1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का, प्र.आर. 799 संतोष नायक, आर0 1443 भानूप्रताप वर्मा, आर0 1683 असवन वर्मा की विशेष भूमिका रही।

### अवैध मदिरा परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें: कलेक्टर

**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट कार्यालय के चिप्स कक्ष में आबकारी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थापित चेकपोस्ट और बेरियर में किए जा रहे सघन जांच की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को चेकपोस्ट में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने कहा, जिससे एक अच्छी व्यवस्था बनेगी और अच्छा कार्य होगा। उन्होंने चेकपोस्ट में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे अवैध शराब परिवहन पर तेजी से कार्रवाई हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने चेक पोस्ट में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क एवं सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर, 18 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज साइंस कॉलेज प्रांगण, बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर शहर में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के बहुउद्देशीय परिसर का शिलान्यास किया। साथ ही 01 करोड़ 85 लाख की लागत से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम कॉलेज बिलासपुर के भवन उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा बेलतरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री बघेल ने विप्र समाज के 60 वरिष्ठजनों और युवा प्रतिभाओं को समाज की ओर से शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज द्वारा प्रकाशित सामाजिक एवं सांस्कृतिक पत्रिका सरयू द्विज का विमोचन भी मुख्यमंत्री ने किया। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने




की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी समाज को सामाजिक कार्यों एवं बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए भवन की आवश्यकता होती है, कई समाज संपन्न होने के बावजूद भी स्वयं का सामाजिक भवन नहीं बना पाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी समाजों को जिला एवं राज्य स्तर पर जमीन आबंटित किया है। पिछले पांच सालों में हमने छत्तीसगढ़िया संस्कृति और लोक परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम किया। इससे यहां के तीज-त्यौहार, खान-पान, पुरातन खेलकूद को नई पहचान मिली है। आज प्रदेश के गांव की महत्ता बढ़ रही है। गांव पहले सिर्फ खेती-किसानी के लिए जाने जाते थे, अब हमारे गांव सांस्कृतिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेश के न्यायधानी में ब्राम्हण समाज के लिए जमीन देने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ब्राह्मण समाज ने राज्य के कई प्रमुख आंदोलन की अगुवाई की है। ब्राह्मण समाज ने अन्य समाज के लोगों को ज्ञान एवं राह दिखाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेती-किसानी की ओर विशेष प्राथमिकता देने के प्रयासों से ही आज गांव में पलायन बंद हो गया है। अब शहर से लोग गांव की ओर आना शुरू कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं लोक परंपरा पीछे छूट रही थी, जिसे मुख्यमंत्री ने नई पहचान देते हुए उन्हें सहेजने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर गौसेवा आयोग के अध्यक्ष रामसुंदर दास, संसदीय सचिव श्री रश्मि आशीष सिंह, विधायक श्री शैलेष पाण्डेय, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा, जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश चतुर्वेदी, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा, महापौर श्री रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान, पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक, मंडी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शुक्ला, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चन्द्राकर, रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे, अरपा बेसिन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण राय, श्री विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ग्रामीण मतदाताओं का सम्मान कर निकाली जनसंपर्क पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जन संपर्क यात्रा निकाली गई। जिसका आगाज ग्राम पंचायत कलकसा के आश्रित ग्राम संडीडीह से की गई व ग्रामीण कांग्रेसीयो के द्वारा हर घर पहुँचकर कांग्रेसी पँजा छाप का झंडा सहित राज्य की भूपेश सरकार की योजनाओं का लाभ का पाम्पलेट बाँटते हुए पुनः कांग्रेस पार्टी को मतदान करने अपील की गई। इस यात्रा के तहत विधायक विधानसभा क्षेत्र के संडीडीह, देवकट्टा, कन्हारगाँव व घोटिया के धुर नक्सल क्षेत्र के ग्रामीण जनता के बीच पहुंच कर घर घर जन संपर्क कर मतदाताओं का सम्मान करते प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनाई और



फिर डोंगरगढ़ विधानसभा सहित प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की गई। वही भाजपा की परिवर्तन यात्रा जो 17 सितम्बर शाम राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर पहुचेगी और भाजपा की परिवर्तन यात्रा निकाले जाने के पर तंज कसते हुए विधायक भुनेश्वर बघेल ने मीडिया के सामने कहा कि आखिर भाजपा के लोग पिछले साढ़े चार साल कहा थे कोरोना जैसी महामारी के दौरान कोई जानता की मदद के लिए सामने नहीं आया और भाजपा इस परिवर्तन यात्रा से क्या परिवर्तन लाना चाहती है,,,, क्या 2500रुपए धान का मूल्य मिल रहा है उसमे परिवर्तन या स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले गए हैं उसमे परिवर्तन लाना चाहती है,,,, पिछले 15 साल जनता ने भाजपा की प्रदेश में सरकार बनाई थी जिसमे सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ। इस अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल ,जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री चुंम्मन साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू ,महामंत्री राजू सिंह राजपूत, सेक्टर प्रभारी योधन दास साहू, श्यामसाय टांडेकर ,दिनेतू प्रकाश जांगड़े, विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, सरपंच संजय उईके, नंदू वर्मा, गौतम वर्मा, कार्तिक वर्मा ,ज्योति मेश्राम, चंद्रेश वर्मा, चिंताराम सोने, जयकरण साहू, देवकरण चतुर्वेदी, श्याम दास कुर्रे, कमल नारायण जांगड़े, मंगेश जांगड़े, घनश्याम साहू, योगेश कुमार लोधी ,सतानंद कंवर, हरक पटेल, प्रीतम साहू, चंद्रेश वर्मा ,गंगाधर साहू धनु पटेल ,कीर्तन कंवर,एवं अन्य ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुनिया के सबस बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एक सूत्र में पिरोने का नाम है हिंदी:अमित शाह

**रायपुर 18 सितंबर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितशाह ने आज हिंदी दिवस के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि भारत, विविध भाषाओं का देशरहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोनेका नाम हिंदी है।भारत एक ऐसा देश है जहाँ भाषाओं औरसंस्कृतियों का बेजोड़ संगम देखने को मिलता है। हिंदी को जनत्रांत्रिक भाषा का दर्जाभी मिल चुका है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि जन-जन की भाषा हिंदी ने पूरब से लेकरपश्चिम और उत्तर से



लेकर दक्षिण तक देश भर में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों कोएकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। आजादी के बाद हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखतेहुए संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर, 1949 के दिन ही हिंदी को राजभाषा के रूप मेंस्वीकार किया था।मोदी जी की दूरदर्शी सोच और शाह केमार्गदर्शन में आज सभी भारतीय भाषाओं के माध्यम से गरीब हितैषी योजनाओं को लागू करगरीबों और वंचितों का कल्याण किया जा रहा है। देश में राजभाषा में हुए कार्यों की समय-समयपर समीक्षा के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया था ताकि सरकारी कामकाज मेंहिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की जा सके। 2014 तक इस रिपोर्ट के 9 खंडही सौंपे गए थे, लेकिन शाह के कुशल प्रबंधन में महज 4 वर्षों के अंदर 3 खंड प्रस्तुतकिए जा चुके हैं। 2019 से सभी 59 मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन कियाजा चुका है। आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषाके प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियोंका गठन भी किया जा चुका है। लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में भी नगर राजभाषाकार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी भाषाके उपयोग को बढ़ावा देने की भी पहल की है। राजभाषा को तकनीक के अनुसार विकसित बनानेके लिए स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली 'कंठस्थ' का निर्माण और 'हिंदी शब्द सिंधु' शब्दकोषका निर्माण किया जा चुका है। कुल 90 हजार शब्द का एक ई-महाशब्दकोष मोबाइल एप्प औरकरीब 9 हजार वाक्य का ई-सरल वाक्यकोष भी तैयार किया गया है।निज भाषा उन्नति अहै, सबउन्नति को मूल. बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल का उदाहरण देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, अपनी भाषा की उन्नति ही सभीप्रकार की उन्नति का मूल है।

# जोरातराई में अभियान चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई के औद्योगिक क्षेत्र क्रेस्ट स्टील एण्ड पावर लिमिटेड में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए श्रमिकों एवं प्रबंधन को जागरूक किया गया। श्रमिकों को अपने मताधिकार का उपयोग कर



लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा वोट इंडिया थीम का लोगो और मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाई गई। श्रमिकों को स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन के माध्यम से बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्रम निरीक्षक श्री रत्नाकर माटे, श्री मुकेश देवांगन, कारखाना प्रबंधक की ओर से जनरल मैनेजर (एचआर) श्री कांति ऋषि एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# ब्लू बर्ड फाउंडेशन ने मासिक धर्म से जुड़ी भ्रातियों को दूर करने का प्रयास किया

**रायपुर 18 सितंबर।** मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए , ब्लू बर्ड फाउंडेशन चुप्पी तोड़ने और मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मिशन को ध्यान में रखते हुए, आज अपनी तीसरी वर्षगांठ पर फाउंडेशन ने मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण चर्चा का गर्व से आयोजन करा . मासिक धर्म स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दे पर पैनल चर्चा में खुली और स्पष्ट बातचीत में वरिष्ठ पत्रकारों, चिकित्सक और सैनिटरी पैड के निर्माता शामिल हुए.

ब्लू बर्ड फाउंडेशन की संस्थापक सुश्री सुधा वर्मा, डॉ अंजू पारेख वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एकता चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, सुदेशना रुहान सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ महिला पत्रकार -पत्रिका से सरिता दुबे, द थिंक इंडिया से रजनी ठाकुर, टाइम्स ऑफ इंडिया से आयुषी, स्वराज एक्सप्रेस से स्वाति, भास्कर से ममता मानिकर ,ञ्रङ्क24 से मीनू तिवारी,; सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आकृति अग्रवाल,प्रिया लालवानी और आस्था अमानत ने ÷मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ना÷ पर एक सार्थक और आंखें खोल देने वाली चर्चा की।

÷मासिक धर्म एक महिला के जीवन का एक



प्राकृतिक और आवश्यक हिस्सा है, फिर भी यह कई समाजों में मिथकों और टैबू में घिरा हुआ है। ये मिथक सटीक जानकारी और स्वच्छ मासिक धर्म उत्पादों तक पहुंच में भी बाधा डालते हैं। सैनिटरी पैड के एक जिम्मेदार निर्माता के रूप में, हमारा मानना है कि रिकॉर्ड स्थापित करने में मदद करना हमारा कर्तव्य है÷। छत्तीसगढ़ के एकलौते निर्माता के रूप में युक्ति सेनेटरी पैड्स व ब्लू बर्ड फाउंडेशन के संस्थापक सुधा वर्मा ने कहा।

एकता चिल्ड्रेन हॉस्पिटल की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजू पारेख ने जोर देकर कहा, ÷मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों से निपटने और महिलाओं की भलाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता महत्वपूर्ण है। उचित मासिक धर्म स्वच्छता संक्रमण के जोखिम को कम कर सकती है, जिसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।÷

मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक क्रिया है और गंदा नहीं है। उचित स्वच्छता प्रथाएं, जैसे उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी पैड का उपयोग, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और आराम बनाए रखने में मदद कर सकती हैं।

मासिक धर्म का रक्त अशुद्ध नहीं होता है; यह केवल गर्भाशय की परत का खिसकना है। इससे महिलाओं या अन्य लोगों के स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है। यह समझना आवश्यक है कि मासिक धर्म अच्छे स्वास्थ्य का संकेत है।

मासिक धर्म को छुपाने या शर्मिंदा होने की कोई ज़रूरत नहीं है। जागरूकता पैदा करने और इससे जुड़े कलंक को तोड़ने के लिए मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा आवश्यक है।

उच्च गुणवत्ता वाले मासिक धर्म उत्पाद, जैसे कि युक्ति मंत्रा द्वारा निर्मित, उपयोग करने के लिए सुरक्षित हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण किया गया है कि वे हानिकारक रसायनों से मुक्त हैं।

# मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी का नाम कौशल्या धाम हो:पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर 18 सितंबर।** मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी जो आरंग विकासखंड अंतर्गत रायपुर जिला में स्थित है, जो प्रभु श्री रामचंद्र जी का ननिहाल है, जो की जगत जननी मां कौशल्या जी का जन्म स्थली है इसलिए इसे प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने शासन प्रशासन एवं समस्त प्रदेशवासियों से मांग किया है कि इस ऐतिहासिक नगरी मां कौशल्या जी की जन्म स्थली का नाम चंदखुरी से बदलकर मां कौशल्या धाम किया जावे जो विश्व विख्यात है। वैसे भी छत्तीसगढ़ के अनेकों जिलों में चंदखुरी नाम का गांव स्थित है।

विगत दिनों कौशल्या बहिनी संग तिजा उत्सव का आयोजन चित्रोत्पला लोक कला परिषद के संस्थापक राकेश तिवारी ने एक



कार्यक्रम बनाया और सभी कलाकार को इकट्ठा कर बैठक लिया वह अपने परिकल्पना को बताया कि हमें इस वर्ष माता कौशल्या को तीजा लेने अयोध्या जाना है, जिसके लिए डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं नरेंद्र यादव को अयोध्या भेजा गया। अयोध्या में सरयू नदी में स्नान कर चक्रवर्ती महाराज दशरथ महल में राजा दशरथ जी से विनती किए कि हम अपने बहन को तीजा लिहवाने आए हैं कृपया हमारी बहन को तीजा जाने की अनुमति देवें इसके पश्चात वहां की पवित्र मिट्टी विधि विधान पूर्वक पुजारी भगवान दास जी ने कलाकारों को सौंपा जीसे लेकर रायपुर आने पर रेलवे स्टेशन में भव्य पूजा अर्चना आरती के साथ स्वागत सत्कार किया गया इसके पक्ष टी उसे पवित्र मिट्टी को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मूर्तिकार और पीलू राम साहू को दिए और निवेदन किये की मां कौशल्या जी का मूर्ति बनाना है जिसमें प्रभु श्री रामचंद्र जी को गोदी में नन्हे बालक के रूप में बिठाना है। मां कौशल्या की प्रतिमा निर्माण होने के पश्चात उसे चंदखुरी के प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव जी के घर 15 तारीख को विधि विधान पूर्वक विराजमान किया गया जिसके सम्मुख नन्हे- मुन्ने बच्चों ने नदिया बैला चलाया बालिका ज्यादा पैसा एवं पूरा के साथ ठेठरी खुरमी प्रसाद भोग लगाया। 17 तारीख को सभी तिजहारीन बहनों के साथ माता कौशल्या को करू भात खिलाया गया। 19 सितंबर को माता कौशल्या को बासी खिलाया जाएगा एवं गांव भ्रमण कराया जाएगा। इस परंपरा को प्रतिवर्ष निभाया जाएगा। इसके लिए अनेकों गांव शहर के लोग भारी उत्सुक है कि अगले आने वाले वर्ष में हम भी अपने गांव में मां कौशल्या की प्रतिमा स्थापित करेंगे जैसे गणेश जी, दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इसलिए हम मांग करते हैं कि मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी का नाम मां कौशल्या धाम किया जावे इसके लिए समस्त शासन प्रशासन को मांग पत्र प्रदान कर निवेदन कर रहे हैं।



**रायपुर 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सुन्दर नगर गेट में शाम 5 बजे फल वितरण किया गया , मुख्य सड़क पर आने जाने वाले नागरिकों को लगभग 2000 केले वितरित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दीर्घायु रहने की कामना की । पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड के पार्षद मृत्युंजय दुबे , मण्डल अध्यक्ष महेश शर्मा , महामन्त्री राकेश ठाकुर , मनीषा चन्द्राकर ,भूषण साहू , प्रताप यादव , सन्तोष वर्मा , सचिन सिंघल , शिव भोई आदि कार्यकर्ता फल वितरण में शामिल थे ।

### भाजपा ने नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**रायपुर 18 सितंबर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस पर देश भर में विभिन्न कार्यक्रम किए गए इसी कड़ी के भाजपा शहर जिला के अलग अलग मोर्चा प्रकोष्ठों द्वारा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में विभिन्न आयोजन किया गया भाजपा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कान्दुल से गई जहां किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया किसान सम्मान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे उन सभी में प्रधानमंत्री के प्रति



विश्वास और समर्पण स्पष्ट झलक रहा था उसके पश्चात भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा मेकाहारा में फल वितरण किया गया ,सुबह 11.30 बजे ही भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा विश्वकर्मा सम्मान समारोह रखा गया जिसमे निर्माण के आधार काहे जाने वाले श्रमिको का सम्मान किया गया साथ ही प्रेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वकर्मा सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया जिसमे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और संगठन महामंत्री पवन साय भी उपस्थित थे ।

कंचन बाग विश्वकर्मा मंदिर में महापौर ने की पूजा अर्चना

### गंज चौक, कन्हारपुरी, स्टेट स्कूल मैदान में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई, बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



**राजनांदगांव 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितम्बर को कंचनबाग विश्वकर्मा मंदिर सहित बालाजी मंदिर गंज चौक में जिला इलेक्ट्रिशियन एवं ठेकेदार संघ द्वारा, कन्हारपुरी में झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज द्वारा तथा स्टेट स्कूल मैदान में पेटी ठेकेदार संघ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल होकर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आयोजन समिति को विश्वकर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्व प्रथम उन्होंने कंचनबाग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में जाकर पूजा अर्चना हवन कर भगवान विश्वकर्मा से नगर की खुशहाली की कामना की। गंज चौक, कन्हारपुरी एवं स्टेट स्कूल में आयोजित विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा की जाती है। विश्वकर्मा जी ने अपनी शक्ति से देवताओं के लिये उड़नखटोला, रथ एवं महल का निर्माण किया था, भगवान विश्वकर्मा ने रावण की लंका, कृष्ण की द्वारकापुरी सहित हस्तीनापुर का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि न केवल स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पूरे सृष्टि का निर्माता माना जाता है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है और तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा धुमधाम से जयंती मनायी जाती है। उन्होने कहा कि आप सभी मिल जूलकर जिस प्रकार से विश्वकर्मा जयंती मना रहे है, उसी प्रकार अपने संघ के उन्नति के लिये एकजूट होकर कार्य करें। इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे,नामांकित पार्षद श्री प्रभात गुप्ता सहित सभी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर नगर निगम में मूर्ति स्थापित

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पुजा अर्चना की गयी।महापौर श्रीमती देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है।आयुक्त श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विश्कर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा की देवशिल्पी के रूप में पूजा की जाती है, इन्हें सृष्टि की रचयिता कहा जाता है, विश्वकर्मा पूजा सभी कार्यालयों एवं कारखानों में की जाती है। इंजिनियर, मिस्त्री, ईलेक्ट्रिशियन, टेकनिशियन, मैकेनिक जैसे तकनीकि लोग धुमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाते है, उन्होंने कहा कि नगर निगम के टाका घर में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जयंती मनाई जाती है।



## संपादकीय

# जोगी कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

चुनाव को अभी कई महीने बाकी हैं। जोगी कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। बाकी राजनीतिक दल अभी घोषणा पत्र के लिए लोगों से सुझाव ले रहे हैं। जोगी कांग्रेस ने घोषणा जारी कर सब दलों के बढ़त ले ली है। भाजपा सहित कई दलों ने अपने प्रत्याशियं की पहील सूची जारी कर दी है। यानी इस चुनाव को लेकर सभी ने खूब तैयारी कर रखी है। जनता को लुभाने के लिए इस बार सभी राजनीतिक एक से बढ़कर वादे करने वाले हैं। यह और बात है कि अपने घोषणा पत्र को कोई संकप्ल पत्र कहता है तो कोई घोषणा पत्र जारी करने की जगह जनता को दस गारंटी देता है। जोगी कांग्रेस ने गारंटी से भी एक कदम आगे बढ़कर शपथ पत्र जारी किया है। जोगी कांग्रेस के शपथ पत्र में जोगी कांग्रेस के दस कदम और गरीबी खतम। उनका कहना है कि उनकी लड़ाई कांग्रेस या भाजपा से नहीं है, उनकी लड़ाई गरीबी है। उनको भरोसा है कि उनके दस कदम पर भरोसा कर जनता उनकी सरकार बनाती है तो राज्य से गरीबी खत्म कर देंगे। उनकी पहली शपत है कि उनकी सरकार बनी तो राज्य के अजा, अजजा, ओबीसी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के परिवार को पांच लाख रुपए व लड़की जन्म होने पर एक लाख रुपए देगी। दूसरी शपथ है कि आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों व पंजीकृत बेरोजगारों को हर माह तीन हजार रुपए तथा बुजुर्गों को 4500 रुपए पेंशन दी जाएगी, तीसरी शपथ है कि धान का समर्थन मुल्य चार हजार रुपए तथा प्रति एकड़ दस हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, बिजली फ्री दी जाएगी, चौथी शपथ है कि 15 साल से काबिज लोगों को पट्टा दिया जाएगा, कच्चे मकान वालों को पक्का दो बेडरूम वाला जोगी आवास दिया जाएगा, पांववीं शपथ है कि अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, सरकारी व निजी संस्थानों में युवाओं को 95 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, छठवीं शपथ है कि सालाना एक करोड़ रुपए से कम आय वाले स्वरोजगार व व्यवसाय को राज्य के सभी टैक्स की छूट रहेगी, सातवीं शपथ है कि सभी जिलों में मेडिकल कालेज खोले जाएंगे तथा सभी का इलाज मुफ्त होगा,आठवीं शपथ है कि छात्र-छात्राओं के विदेश में उच्च शिक्षा के लिए 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा,नौवीं शपथ है कि राज्य में दारु की चगह दूध की दुकानें खुलेंगी, राज्य में दुग्ध क्रांति लाई जाएगी, दसवीं शपथ है कि गिरौपुरी,सोनाखान, राजिम और शिवरीनारायण धाम का 500 करोड़ रुपए खर्च कर विश्वस्तरीय विकास किया जाएगा। जोगी कांग्रेस ने सबसे पहले घोषणा पत्र जारी बाकी दलों से बढ़त ले ली है। उनकी कई घोषणाओं को दूसरे दल कह सकते हैं कि वह नकल की गई है। जैसे दस गारंटी पर आप वाले कहते हैं कि बाकी दल उनकी गारंटी की नकल करते हैं। कांग्रेस कर्नाटक पांच गारंटी देकर चुनाव जीत चुकी है। उसने मप्र में भी पांच गारंटी दी है। अब सभी दल चुनाव जीतने के लिए एक दूसरे की गारंटी, वादों व शपथ की नकल करेंगे तथा प्रचार भी करेंगे कि दूसरे दल उनकी नकल कर रहे हैं। जोगी कांग्रेस के घोषणापत्र से साफ है कि आने वाले दिनों में इसी तरह की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल करने वाले है। जब एक दो राजनीतिक दल किसी राज्य में जनता को लुभाने वाली घोषणाएं कर चुनाव जीती जाती हैं तो सभी दलों को लगता है कि वह भी मात्र घोषणाएं कर चुनाव जीत सकते हैं। साथ ही उन्हें ऐसी घोषणाएं करने से बचना चाहिए जो पूरे नहीं किए जा सकते। बड़ा बड़ा वादे कर जब राजनीतिक दल उसे पूरा नहीं करते हैं तो जनता का उन पर भरोसा कम हो जाता है। जनता उनको वोट नहीं देती है। वह चुनाव हारते हैं, उनको चुनाव हारना भी चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ग्रौसरी का सामान खरीदने पर आपको अच्छा डिस्काउंट मिलेगा। माता पिता अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे, बच्चे आज काफी खुश रहेंगे। वकील आज पुराने क्लाइंट के केस को साल्व करेंगे साथ ही नये क्लाइंट से भी मिलेंगे। किसी मित्र की सहायता करने का अवसर मिलेगा, जिससे वह काफी प्रसन्न होंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज आपको राहत मिलेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन लकी रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग समाज में अच्छी छवि बनाने में सफल होंगे। सिविल इंजीनियरिंग कर रहे छात्रों का प्लेसमेंट अच्छी कंपनी में होगा। मेहनत से किया गया काम अच्छा परिणाम देगा, इसलिए मेहनत से कार्य करने की जरुरत है। टेक्सटाइल का बिजनेस कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा और उनके बिजनेस में बढ़ोतरी भी होगी। आपके बड़े बेटे का व्यापार ज्यादा तरक्की करेगा, जिससे आपको काफी ख़ुशी होगी।

मिथुन राशि-आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में आप शामिल होंगे और वहां प्रोग्राम का आनंद उठाएंगे। चेस खेल रहे लोगों की आज शानदार जीत होगी, अपने साथी खिलाड़ी से भी आप कुछ नया अनुभव सीखेंगे। जमीन जायदाद से जुड़े मामले में आज आपको सफलता मिलेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों का इंटरव्यू अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। छात्रों को परीक्षा के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने मित्र के साथ मिलकर प्लान करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशने की कोशिश करेंगे। घर में नन्हें मेहमान के आगमन का योग है । अपने गुस्से पर कंट्रोल रखें, जिससे आपके सारे काम अच्छे से होंगे। आज घर के किसी काम को पूरा करने
में परिवार का सहयोग मिलेगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए मैडिटेशन करें जिससे आपका मन एकाग्र रहेगा और सेहत अच्छी रहेगी। अपने बिजनेस की जिम्मेदारी को किसी जिम्मेदार व्यक्ति को देंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। बच्चों के साथ आप शॉपिंग मॉल घूमने जाएंगे, जिससे बच्चों को अच्छे खिलौने लेकर देंगे। आज ऑफिस में अपना वर्क अच्छे से पूरा करेंगे। बॉस आपके कार्यों से प्रसन्न होंगे। बिजनेस मीटिंग के लिए आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। बिजनेस से रिलेटेड प्रॉब्लम को सॉल्व करने के लिए एक अच्छी कंसल्टेंट टीम को रखेंगे, जिसकी मदद से आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। आपका सामान्य बातचीत का व्यवहार अच्छा रहेगा जिससे आपको लोग पसंद करेंगे। अपने परिवार के साथ मूवी देखने जाएंगे, और खूब मनोरंजन करेंगे। आज आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में रहेगी, लोग आपकी सराहना करेंगे। परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। महिलाओ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, वह अपने बच्चों के लिए नई-नई डिशेस बनाएगी। फैशन डिजाइनर का कोर्स कर रहे लोगों को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको सफल बनाएगा। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहने की जरूरत है। जीवनसाथी से कार्यों में सहयोग मिलेगा, इससे आपके कार्य समय रहते पूरा हो जायेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। किसी रिश्तेदार के आने से आपकी खुशी बढ़ जाएगी और बच्चे भी खुश होंगे। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। प्रिंटिंग का वर्क कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा। नवविवाहित दंपत्ति आज लॉन्ग ड्राइव पर जायेंगे, रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। लवमेट्स अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे। आज आप ऑनलाइन कोई नया बिजनेस शुरू करने का मन बनाएंगे।

धनु राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। बाहर की तली भुनी चीजों को खाने से बचे, जिससे आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। सीनियर्स से आपको प्रोजेक्ट के बारे में कुछ नया सीखने को मिलेगा, जिससे आपकी नॉलेज और बढ़ेगा। विद्यार्थियों का जीवन काफी बिजी रहेगा क्योकि वह आज मैथ्स के टॉपिक को क्लियर करेंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे आपका मन खुश होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पैसों से जुड़े लेन-देन को सावधानी के साथ करें। भाईयो से अपने लिए नया घर खरीदने के लिए सलाह लेंगे, जिससे वह लोग आपकी मदद करेंगे। आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, जिससे आप अपना हर काम बहुत ही ईमानदारी से करेंगे। आपके घर वाले आपसे खुश होंगे, उनको कही घुमाने ले जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कार्य को पूरा करने में सफल होंगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन एक बेहद खास पल लेकर आएगा। प्रापर्टी खरीदने के लिए आप आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे और डील अच्छे से फाइनल करेंगे। नव विवाहित दम्पति को बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज फिट एंड फाइन रहेगा। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, साथ में मूवी देखने जाएंगे। जीवनसाथी से आज आपको उपहार मिलेगा। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए आज आप कोई नया प्लान बनाएंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। बड़े बुजुर्गो की सलाह आपके कार्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। लवमेट्स के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, रिश्तों में मधुरता आयेगी। कार्य क्षेत्र में थोड़ी सी मेहनत करने पर आपको बड़े धन लाभ का अवसर मिलेगा। अपने दोस्तों के साथ विदेश ट्रिप प्लान करेंगे, जिसके लिए आप काफी उत्साहित रहेंगे। बच्चो की पेरेंट्स मीटिंग में जाने का अवसर मिलेगा, जिससे आप अपने बच्चों की गतिविधियों को जान पाएंगे।

# गणेश हैं विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता

**गणेश चतुर्थी**

**ललित गर्ग**



गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता सात्विक देवता हैं और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।




गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। गणेश को हिन्दू संस्कृति में आदिदेव भी माना गया है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। गणेशजी को शुद्ध घी, गुड और गेहूँ के लड्डू- मोदक बहुत प्रिय हैं। ये प्रसन्नता अथवा मुदित चित्त के प्रतीक हैं। ये तीनों चीजें सात्विक एवं स्निग्ध हैं अर्थात उत्तम आहार हैं। सात्विक आहार बुद्धि में स्थिरता लाता है। उनका उदर बहुत लम्बा है। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात् शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है तो 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का। अर्थात् गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है। गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है।

# घोर संक्रमणकाल से गुज़रता भारतीय मीडिया

**मीडिया**

**तनवीर जाफ़री**



विपक्षी गठबंधन 'INDIA ने आख़िरकार सत्ता के साम्प्रदायिक एजेंडे को हर समय अपने चैनल्स पर चलाने वाले उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी कर ही डाली। अब इनके विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में 'इण्डिया ' का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा। कई चैनल्स का बहिष्कार करने की बात भी कहीं गयी है। देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराज़गी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ़ से साफ़ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने 'नफ़रत भरे' न्यूज़ डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फ़ैसला किया है। इण्डिया गठबंधन का आरोप है कि पिछल नौ साल से रोज़ शाम पाँच बचे कई चैनल्स पर नफ़रत का बाज़ार सज जाता है।और हम सब वहां उस नफ़रत के बाज़ार में ग्राहक के तौर पर जाते हैं.'' परन्तु नफ़रत भरे नैरेटिव को मंज़ूरी नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह नैरेटिव देश व समाज को कमज़ोर कर रहा है। जिन 14 कथित पत्रकारों की सूची जारी की गयी है उनमें दो पत्रकार तो ऐसे भी हैं जो गंभीर अपराधों के आरोप में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि इण्डिया गठबंधन ने अभी केवल 14 टीवी ऐंकर्स की सूची ही जारी की है परन्तु दरअसल सत्ता की दलाली करने वाले चाटुकार ऐंकर्स व सम्पादकों की संख्या इससे ज़्यादा है। यह चाटुकार पत्रकार झूठी ख़बरें फैला कर,निराधार विमर्श गढ़कर केवल देश का साम्प्रदायिक सौहार्द्र ही नहीं बिगाड़ रहे बल्कि यह पत्रकारिता जैसे ज़िम्मेदाराना व नैतिकतपूर्ण पेशे को भी कलंकित कर रहे हैं। इनमें 'तिहाड़ी ' के नाम से प्रसिद्ध हो चुका एक पत्रकार पिछले ही दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा एक लाईव शो में सिर्फ़इसलिये ज़लील किया गया क्योंकि उसने दस वर्षों में शायद पहली बार मंत्री महोदया से टमाटर की बढ़ती क़ीमतों के बारे में एक मामूली सा सवाल कर लिया था। मंत्री महोदया ने उसे उसकी तिहाड़ यात्रा याद दिला दी। गोया दस साल तक चरणों में पड़े रहने व दलाली करने का भी यही सिला मिला 'तिहाड़ी ' को ?

बहरहाल,यह वही ऐंकर्स व मीडिया है जो गत दस वर्षों से देश में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे विषय छेड़ता है या उकसाता है जिससे देश का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़े। याद कीजिये कोरोना काल में दिल्ली के निज़ामुद्दीन स्थित मरकज़ में मिले जमाअत के लोगों को इन्होंने 'कोरोना जिहाद ' फैलाने वालों के नाम से प्रचारित किया था। मुंबई में कोरोना के समय जब भीड़ रेलवे स्टेशन पर इकठ्ठा हुई तो इन्हीं में से एक ऐंकर की नज़र उस वीज़ुअल पर पड़ी जिसमें भीड़ के पीछे एक मस्जिद नज़र आई। बस ,फिर क्या था। ऐंकर गला फाड़ कर चीख़ने लगा कि इस भीड़ का मस्जिद से क्या कनेक्शन है ? अभी गत 2 जून को उड़ीसा में बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के निकट तीन ट्रेन्स एक साथ हादसे का शिकार हो गई। वहां भी इन्हीं दलाल व नफ़रतबाज़ टी वी ऐंकर्स ने बोलना शुरू किया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। परन्तु बाद में पता चला की वह मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर था। इसी तरह अभी कर्नाटक में 'तिहाड़ी' ने साम्प्रदायिक नफ़रत के एजेंडे से लबरेज़ एक भ्रामक ख़बर चला दी। परन्तु इसबार उसे अपना यह साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह भारी पड़ा। उसके विरुद्ध कर्नाटक में प्राथमिकी दर्ज हो गयी है। मामला इस समय कर्नाटक उच्च न्यायलय पहुँच चूका है।

उसे जल्द ही गिरफ़्तार भी किया जा सकता है। न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) जिसमें अधिकांश गोदी मीडिया से जुड़े संपादक स्तर के लोग ही शामिल हैं,कुछ टी वी न्यूज़ ऐंकर्स तथा भारतीय जनता पार्टी ने 14 टी वी ऐंकर्स के बहिष्कार के 'इंडिया' गठबंधन के फ़ैसले की आलोचना की है। एनबीडीए के अध्यक्ष अविनाश पांडेय ने तो इस फ़ैसले को मीडिया का गला घोंटने जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन (इण्डिया) लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करता है वो इसे ख़त्म करता नज़र आ रहा है। एनबीडीए ने कहा है कि संगठन को इंडिया गठबंधन के इस फ़ैसले से काफ़ी पीड़ा हुई है और वो इसे लेकर चिंतित है। उसने कहा है कि इस फ़ैसले ने एक ख़तरनाक मिसाल पेश की है। हालांकि चुनिंदा पत्रकारों का बहिष्कार ख़ुद भारतीय जनता पार्टी भी करती रही है। कई वर्षों तक भाजपा ने रवीश कुमार के रहते एन डी टी वी में अपना प्रवक्ता नहीं भेजा। अब ख़बर है कि ए बी पी न्यूज़ में संदीप चौधरी के तीखे सवालों से घबराकर भाजपा ने उनके शो में भी अपना प्रवक्ता भेजना बंद कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाठ दस वर्षों में एक भी संवाददाता सम्मलेन नहीं बुलाया। जहां तक विपक्षी गठबंधन INDIA द्वारा सत्ता के चाटुकार ऐंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार का सवाल है तो यह पूरा देश व दुनिया के सामने है कि किस तरह मुख्यधारा के तमाम मीडिया चैनल 2013 से ही अपना पत्रकारिता धर्म भूलकर भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। वे भाजपा के गुप्त सांप्रदायिक एजेंडे को बेरोकटोक प्रचारित प्रसारित करते हैं। 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद तो इन गोदी मीडिया चैनल्स ने बेशर्मी व बेहयाई की सभी हदें पार कर दी हैं। यह गत दस सालों से सरकार से मंहगाई,बेरोज़गारी,तेल गैस के बढ़ते मूल्य,डॉलर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा का लगातार गिरते जाना, मणिपुर, मानवाधिकार,चीनी घुसपैठ,भ्रष्टाचार जैसे अनेक सवाल सत्ता व सरकार से पूछने के बजाए कभी कांग्रेस कभी राहुल गाँधी तो कभी विपक्ष से ही सवाल पूछते रहते हैं। पूरा विश्व सत्ता की की जा रही इनकी दलाली व चाटुकारिता को देख कर सतब्ध है। भारतीय मीडिया का इतना अपमान देश के इतिहास में इसके पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे ही ज़मीर फ़रोश स्वयंभू पत्रकारों की वजह से मुख्य धारा के भारतीय मीडिया को गोदी मीडिया, दलाल मीडिया,चाटुकार मीडिया,चरण चुम्बक,बिकाऊ मीडिया,भांड मीडिया और न जाने कैसे कैसे नामों से नवाज़ा जा चुका है। आज हालत यह है कि यह सत्ता परस्त व समाज विभाजक बदनाम शुदा टी वी ऐंकर्स जनता के मध्य रिपोर्टिंग करने के लिये नहीं जा सकते। अगर कहीं गये भी हैं तो इन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा है। इनमें से कई तो सरकारी सुरक्षा के कवच में रहा करते हैं।

विषवमन कर देश में दंगाई पैदा करने वाले ज़मीरफ़रोशों का बहिष्कार निश्चित रूप से ज़रूरी तो था ही परन्तु इनके साथ ही उनके विरुद्ध भी सख़्त कार्रवाई की ज़रुरत है जो पर्दे के पीछे से इन ऐंकर्स को संचालित करते हैं यानी इनके आक़ाओं व उनके समस्त चैनल्स को भी प्रतिबंधित किया जाना चाहिये। क्योंकि ऐसे अवसरवादी व शुद्ध व्यवसायिक मानसिकता रखने वाले मीडिया घरानों की वजह से ही आज भारतीय मीडिया घोर संक्रमणकाल के दौर से गुज़र रहा है।

# जन्मदिन की नौटंकी

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**

इधर मोबाइल पर खिखियाती हुई सुरभि ड्रामा कंपनी की अध्यक्षा तोपना देवी लगी हुई थी। उधर बहुत जल्द जन्मदिन मनाने वाली झुनझुना साहित्य समूह की अध्यक्षा वयोवृद्धा तिलमिला देवी चने के झाड़ पर चढ़ने के लिए आतुर दिखाई दे रही थी। दोनों के बीच जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले साहित्य के नाम पर असाहित्यिक बतकही की झड़ी लगी हुई थी। तोपना देवी कहने लगीं - ÷तिलमिला देवी जी! आप हमारी माँ जैसी हैं। माँ जैसी क्या सच में माँ हैं। किंतु आपके जन्मदिन वाले कार्ड में मेरा नाम नीचे डाल दिया है। मुझसे कहीं भूल-चूक हो गई क्या? यदि ऐसा कुछ है तो मैं भूल सुधारने के लिए किसी भी तरह की कीमत चुका सकती हूँ।

तोपना! तुम मेरी बेटी जैसी हो। यहाँ भूल-चूक का सवाल नहीं है। याद करो पिछली बार तुमने क्या किया था। तुम्हें अपनी दो कौड़ी की राष्ट्रीय गोष्ठी वाले कार्यक्रम में उस बुढ़ऊ लारटपकाऊ देव को बुलाना याद रहा और मुझे भूल गई। वह भी ऐसे बुढ़ऊ के लिए भूल गई जो हर दूसरी औरत को देखकर लार टपकाना नहीं भूलता। वह तो शुक्र मनाओ कि मैंने तुम्हारा नाम हटाया नहीं है। मैं तुम्हारी तरह नहीं हूँ। मेरे जन्मदिन के अवसर पर शॉल, फूलमाला और पानी की बोतलें देने वालों की झड़ी लगी हुई थी, बावजूद इसके यह सौभाग्य मैंने तुम्हें दिया। अब भी लगता है कि मैं तुम पर नाराज़ हूँ। क्षमा चाहती हूँ तिलमिला जी! लेकिन आप जानती हैं कि हमारी संस्था साहित्य के प्रति समर्पित भावना से काम करती है। हम आए दिन लारटपकाऊ देव के जरिए चंदा लुटाने वाली संस्था से जुड़ते हैं। संस्थाओं के मालिक साहित्य के नाम पर अनाड़ी और बालाओं को निहारने में खिलाड़ी होते हैं। वे गोष्ठियों में बालाओं की सुंदरता का सौंदर्यपान करने जैसे महत्वपूर्ण साहित्यिक गतिविधि के लिए चंदा देते रहते हैं। अब आप ही बताएँ कि उनके स्थान पर आपको कैसे बुलाती? हमारी संस्था साहित्य के प्रति अत्यंत गंभीर है। हम सगे संबंधियों और साहित्यिक चोरों को प्राथमिकता नहीं देते, बल्कि साहित्य के लिए हरी पत्ती लुटाने वालों का स्वागत करते हैं। खबरदार तोपना! तुम्हारी बातों से ईर्ष्या की बू आ रही है। तुम सगे संबंधियों के नाम पर मेरी बहू पुख्ता देवी पर अंगुली उठा रही हो। क्या तुम उसकी तरह मंच संचालन कर सकती हो? वह तो बिना लिखे अपनी अर्धमुस्कान से साहित्यिक माहौल लूट लेती है। क्या यह साहित्य की सर्वश्रेष्ठ सेवा नहीं है? जहाँ तक साहित्यिक चोरों की बात है, तो यह मत भूलो कि मूल लेखन से चोर लेखन बड़ा कठिन कार्य है। साहित्यिक चोरों को रचना को मूल से भटकाने, उससे बढ़िया बनाने और नकल को मूल से भारी दिखाने के लिए अपना सब कुछ झोक देना पड़ता है। मेरे जितने भी प्रशंसक हैं, वे सब के सब जन्मजात खड़ताल धारी हैं। वे नारद की तरह नारायण-नारायण नहीं 'तिलमिला-तिलमिला' करते रहते हैं। कुछ मूर्ख होते हैं जिनके नाम का पानी पिला-पिलाकर सरकारी पाठ्यक्रमों में पढ़ाया जाता है। जिन समाचार पत्रों में हमारी एक अदद रचना नहीं छपतीं, उसमें उस नालायक की नियमित छपती रहती हैं। अंतरजाल पर उसके नाम की कड़ियाँ झिलमिलाती रहती हैं। फिर भी हम ऐसों को नाकारा समझते हैं। ऐसा इसलिए कि वह खड़ताल बजाना नहीं जानता है। साहित्यकार वह नहीं जो कलम चलाता है, बल्कि वह है जो खड़ताल बजाता है। तुम मेरे जन्मदिन के अवसर पर खड़तालधारियों द्वारा रचित 'चने के झाड़ पर तिलमिला देवी' पढ़ लेना तुम्हें मेरी हवा का पता लग जाएगा। क्षमा चाहती हूँ तिलमिला जी! मैं अगली बार से 'तू मुझे बुला मैं तुझे बुलाऊँ' फार्मुले का उल्लंघन नहीं करूँगी। मैं नहीं चाहती कि इस फार्मुले का उल्लंघन कर मंच पर पुष्प गुच्छ पाने, शॉल ओढ़वाने, स्मृति चिह्न थामने और राशि का पैकेट लेने के सुख से वंचित रहूँ। आप इतनी बड़ी जुगाडू हैं कि आपसे गोष्ठियाँ आयोजित करवाने हेतु शुल्कदेय प्रशिक्षण का आयोजन करना चाहिए। भोजन के लिए एक्स को, हॉल के लिए वाई को, फलाना-ढिमका के लिए जेड को कैसे बकरा बनाना चाहिए यह कोई आपसे सीखे। सबसे जरूरी अपने कार्यक्रम में उसी को बुलाओ जो हमें बुलाता है। इससे साहित्यिक संतुलन बना रहता है।तोपना! अब की न तुमने समझदारी वाली बात। याद रखो जो बजाता खड़ताल वह पाता सम्मान, चिह्न और फूल शॉल। लेकिन अब भी तुम एक बात भूल गई। जब भी कोई गोष्ठी आयोजित करना वहाँ यह चेतावनी लिखवाना मत भूल जाना - 'साहित्यिक लिक्खाड़ों का प्रवेश निषिद्ध है। वे ऐसी गोष्ठियों से दूर रहें।'

**एक नजर**

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ

**रायपुर 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राईफेड), रायपुर के संयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख?य अतिथि थीं केन्?द्रीय जनजातीय कार्य राज?यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सरूता । इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर से विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल, बीरगांव नगर निगम के महापौर श्री नंदलाल देवांगन, ट्रायफेड की प्रबंध निदेशक गीतांजलि गुप्ता और रायपुर के कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र विशि?ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे । कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के कारीगर भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री, श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि हमने पारंपरिक कामों को छोड़ दिया है और उन पारंपरिक कामों को बढ़ावा देने के लिए ही पीएम विश्?वकर्मा योजना प्रारम्?भ की जा रही है । उन्?होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के शिल्पकारों और कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं । केन्?द्रीय मंत्री ने कहा कि आज शुरू हुई पीएम विश्वकर्मा योजना से न सिर्फ शिल्पकारों- कारीगरों का सम्मान बढ़ेगा बल्कि उनकी आजीविका के अवसर बढ़ेंगे और उनका भविष्य उज्जवल होगा ।

### डंपर को रोक ड्राइवर व हेल्पर को लूटने वाले 4 लोगों में से 2 गिरफ्तार

**रायपुर18 सितंबर।** बीते 13 सितंबर की अर्धरात्रि रावणभाठा मंदिरहसौद के पास गिट्टी भरने जा रहे डंपर को रोक ड्राइवर व हेल्पर को लूटने वाले 4 आरोपियों में से मंदिरहसौद निवासी 2 आरोपियों को मंदिर हसौद थाना अमला ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । बाकी 2 आरोपी गिरफ्तारी के भय से फरार हो गये हैं जिन्हें पकड़ने छापामारी जारी है। डंपर चालक ललित निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि बीते 13 सितंबर की रात डंपर में अपने हेल्पर के साथ एयरपोर्ट होते हुये गिट्टी भरने नकटी रोड गोयल गिट्टी खदान जा रहा था तभी रात्रि लगभग 2.30 बजे मंदिर हसौद रावणभाठा के पास 4 अज्ञात व्यक्तियों ने डंपर के सामने आ डंपर को रोक लिया और डंपर में घुस चाकू टिका जान से मारने की धमकी दे उसके सहित उसके हेल्पर से मोबाइल व नगदी लूट फरार हो गये । भारतीय दंड संहिता की धारा 392/34 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के साथ थाना प्रभारी रोहित मालेकर अपने स्टाफ के साथ पतासाजी में जुट गये । पतासाजी के दौरान मंदिरहसौद के एक 19 वर्षीय सूरज सोनवानी के इस अपराध में संलिप्तता का पता चला । गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर 3 अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया । घटना में शामिल एक और आरोपी मंदिरहसौद के ही निवासी 18 वर्षीय राजू उर्फ प्रदीप सारथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।



### सेलेकोर गैजेट्स ने एंकर इन्वेस्टर्स से 14.60 करोड़ रुपये प्राप्त किए

**रायपुर 18 सितंबर।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सेलेकोर गैजेट्स ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की घोषणा की है, जिसकी बोली 15 सितंबर को खुलेगी और 20 सितंबर को 87-92 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निश्चित प्राइस बैंड पर बंद होगी। नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज़ इसकी बुक रनिंग लीड मैनेजर है, और स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज़ इश्यू की रजिस्ट्रार है। अपने आईपीओ से पहले, कंपनी ने एंकर निवेशकों - इंडिया अहेड वेंचर ट्रस्ट, फाउंडर्स कलेक्टिव फंड, मेरु इन्वेस्टमेंट फंड पीसीसी - सेल 1 और एजी डायनेमिक्स - को 92 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 15,72,000 शेयर आवंटित किए हैं।

# दूरस्थ वनांचल के लोगों को मिल रहा है बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

**गत 4 साल में 94.70 फीसदी तक हुआ संस्थागत प्रसव, जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा से मरीजों को मिला रहा लाभ**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 18 सितम्बर।** शासन-प्रशासन का प्रयास है हर जरूरतमंद मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हो । जिला प्रशासन द्वारा लगातार अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि की जा रही है ताकि मरीजों को आवश्यक सुविधा प्राप्त हो सके। इस क्रम में स्वास्थ्य केंद्र अब इस जिले के आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जहां सर्वसुविधायुक्त ऑपरेशन थियेटर, अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जटिल ऑपरेशन तथा अन्य उपचार को संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री हरिस. एस ने बताया कि पहले 62 उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित था। वही विगत 04 वर्षो में सभी 95 उप स्वास्थ्य केन्द्र सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप जिले में पहुँच विहीन दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधाओं का संचालन सुनिश्चित हो पायी है।




उन्होंने बताया कि दोरनापाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, वर्ष 2021-22 से पहुँच विहीन दूरस्थ क्षेत्र चिन्तलनार एवं गोगुण्डा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 25 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। साथ ही 10 उप स्वास्थ्य केन्द्र वर्तमान में भवन निर्माणाधीन है। शासन के द्वारा जगरगुण्डा में 30 बिस्तर अस्पताल के संचालन की स्वीकृति की गयी हैं। शासन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छिंदगढ़ तथा कोन्टा को 50 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने की घोषणा के परिपालन में उक्त दोनो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उल्लेखनीय है कि जिले में जिला चिकित्सालय में 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल, 04 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 95 उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हुआ ।

गत 4 साल में 94.70 फीसदी हुई संस्थागत से प्रसव - कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि जिला प्रशासन ने जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए 19 स्वास्थ्य केन्द्रों में 05 बिस्तर प्रि-बर्थ वेटिंग हॉल का निर्माण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न शिविरों के माध्यम से लोगों को संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक किया गया। इसका साकारात्मक परिणाम यह रहा कि जहां वर्ष 2018 में संस्थागत प्रसव उपलब्धि 68.89 प्रतिशत था। वही जिला प्रशासन और हेल्थ विभाग के निरंतर प्रयासों से 25.81 बढ़कर वर्तमान में 94.70 फीसदी हो गयी है।

जिला अस्पताल में डायलिसिस करने की सुविधा से मरीजों को मिला रहा लाभ- सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल सुकमा डॉ. अभय सिंह तोमर बताते हैं कि जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध होने से जिले के दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को सबसे ज्यादा सहूलियत हो रही है। यहां पर जिले के अलावा अन्य जिलों से भी जरूरतमंद मरीज आकर लाभान्वित हो रहे हैं। जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होने के चलते जिले के जरूरतमंद मरीजों को राज्य के दूसरे अस्पतालों में जाकर महंगी उपचार से निजात मिली है और उनकी समय एवं धनराशि दोनों की बचत हो रही है।

# सुहागिनें मांगेंगी अपने सुहाग की सलामती की दुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 सितंबर।** आज सुहागिन महिलाओं का महत्वपूर्ण त्यौहार तीज है। इस पर्व को हरितालिका व्रत के नाम से भी जाना जाता है। अन्य प्रदेशों की तरह छत्तीसगढ़ में भी तीज पर्व धुमधाम से से मनाया जाता है। तीज के मददेनजर आज बाजारों में जबरदस्त चहल पहल व रौनक है। पूजा सामाग्री की खरीदी करने बडी तादात में लोग बाजारों में पहुंच रहे हैं। आज तीज मनाए जाने के बाद कल मंगलवार को गणेश चतुर्थी है इस लिहाजा भक्त गणपति की तैयारियों में भी लगे हुए हैं। तीजा व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हरितालिका तीज पर्व स्त्रियों का प्रमुख पर्व है। तीजा व्रत नारी के सौभाग्य की रक्षा करता है। सुहागिनें इस दिन निर्जला व्रत रखकर अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। सिर्फ सुहागिनें ही नहीं कुंवारी लड़कियां भी इस दिन मनचाहा वर प्राप्ति के लिये व्रत रखती हैं। आज के दिन महिलाएं भगवान शंकर व गौरी माता की विशेष आराधना करती है। बिना अन्न जल ग्रहण किये परिवार की खुशहाली को लेकर किया जाने वाला यह व्रत किसी तप से कम नहीं होता। नव विवाहितायें तीजा के व्रत को लेकर ससुराल से माइके भी जाती है, वहीं कई नई दुल्हनें अपने पति व नये परिवार के बीच ही पूजन पाठ विधिवत करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सुहाग की पिटारी में सुहाग की सारी वस्तुऐं रखकर पार्वती माता को चढ़ाने का विधान इस व्रत का प्रमुख उद्देश्य है। सुहागिन महिलाएं सुबह नदी तट पर जाती हैं और वहां से पीतल के थाल में गीली बालू लेकर आती हैं और घर पर उसी बालू से शिव पार्वती के प्रतीकों की स्थापना करती है और चौबिस घण्टे का निर्जला उपवास रखकर शिव पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं।



# शुभ मुहूर्त में जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 सितंबर।** प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना की तैयारियां अंतिम चरण पर है। जिला मुख्यालय व ग्रामीण अंचलों समेत अनेक स्थानों में छोटे बड़े गणेश की प्रतिमा स्थापित करने युवा व बच्चे जी जान से जुटे हुए हैं। गणेश समितियों द्वारा कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं, वहीं घरों की भी साफ सफाई एवं साज सज्जा कर छोटी गणेश की मूर्ति बिठाने की तैयारियों में भक्त लगे हुए हैं।

मंगलवार 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी है। शुभ मुहूर्त में प्रथम पूज्य भगवान गणपति कल जगह जगह विराजेंगे। जिसके बाद पूरे 11 दिनों तक नगर में भक्तिमय वातावरण छाया रहेगा। मूर्तियां बनाने वाले कलाकार मूर्ति को अंतिम टच दे चुके हैं। बाजारों में गणेश की प्रतिमाएं बिकने के लिए पहुंच चुकी है। काफी संख्या में लोग गणेश की प्रतिमा खरीदने बाजारों में पहुंच रहे हैं। छोटे आकार वाले गणपति की जमकर बिक्री होने की खबर है। गणेश प्रतिमा की कीमतों में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। आंशिक वृद्धि के बावजूद भी भक्त आस्था व श्रद्धा के चलते गजानंद की प्रतिमा को खरीदने बाजार पहूंच रहे हैं। गणेशोत्सव को लेकर पंडालों व घरों में सजावट का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। गणेश उत्सव को लेकर ग्रामीण अंचलों में भी व्यापक तैयारियां की जा रही है। युवा व बच्चे अपने मोहल्लों व गलियों में गणेश बिठाने छोटे छोटे सुंदर आसन बना चारों ओर त्रिपाल व तोरण लगाने के काम में भिडे दिखाई पड़ रहे हैं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के बस स्टेण्ड, दुर्गा चौक, ब्लाक कालोनी, मंदिरपारा, हुडको कालोनी, आंवराभाटा, ट्रायवल कालोनी ब्लाक कालोनी, कैलाशनगर, चितालंका, कारली, पातररास, कुम्हाररास, बालुद समेत सैकड़ों स्थानों पर विघ्नहर्ता की स्थापना की जाएगी। बच्चे गणेश चतुर्थी को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। मंगलवार को शुभ मुहूर्त में गाजे बाजे के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमा को विराजमान किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में युवा गणेश की मूर्ति खरीदी करने जिला मुख्यालय का रूख कर रहे हैं। कोई साईकिल पर रखकर तो कोई बाईक पर रखकर अपने अपने सुविधा अनुसार भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर लोग जा रहे हैं। कई भक्त घरों में ही पूरे विधि विधान से गणपति की स्थापना कर पूरे ग्यारह दिनों तक पूजा अर्चना करते हैं।



# रिमोट सेंसिंग एन्ड जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन वर्कशाप का समापन

**रायपुर 18 सितंबर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग में उच्च शिक्षा एवं छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से चल रहे सात दिवसीय ÷रिमोट सेंसिंग एण्ड जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एम. पी. गुप्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक सोशल स्टडीज़ ऑफ जियोग्राफी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने कहा- रिमोट सेंसिंग और त्रढ्स जब पाठ्यक्रम में आया तब जिन्होंने इस पर वर्कशॉप किया था उन्हें एक साथ बुलाकर छात्र-छात्राओं के बीच मे बातचीत कराया ताकि विषय को परिभाषित किया जा सके। विशेष अतिथि डॉ. उमा गोले प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष सोशल स्टडीज जियोग्राफी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने कहा - त्रढ्स के सात दिवसीय कार्यशाला में बताया गया कि,यह कार्यक्रम सामाजिक, आर्थिक आधार पर हमें लाभ प्रदान कर सकता है। रिमोट सेंसिंग का एक नया आयाम नेचरल रिसोर्स की पहचान करने के लिए किया गया।रिमोट सेंसिंग का उपयोग कृषि, भूगोल, सिटी प्लानिंग, डेटा प्रोसेसिंग के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है। 1980के दशक में हेल्थ एवं एजुकेशन में त्रढ्स को शासकीय संस्थाओं में प्रयोग के लिए 21वी शताब्दी में एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में इसका प्रयोग किया जा रहा है।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने रिमोट सेंसिंग एण्ड जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम की सफलता के लिए सभी 85 प्रतिभागियों को बधाई दी।



### 21 सितम्बर को पेंशन शिविर

**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जुलाई एवं अगस्त का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 15 सितम्बर 2023 से 13 अक्टूबर 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 सितम्बर को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में, 22 सितम्बर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये महिला जीम शिक्षक नगर में व गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनरग में शिविर का आयोजन किया गया है।

**पारंपरिक बैगाओं और चिकित्सा विशेषज्ञों के मध्य हुई चर्चा, पारम्परिक चिकित्सा के साथ आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर दें विशेष ध्यान**

# नियमित स्तनपान एवं टीकाकरण से होता है बच्चों का भविष्य उज्ज्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 18 सितम्बर।** यूनिसेफ़, मिडिया कलेक्टिंव फॉर चाइल्ड राइट्स सुकमा, जिला स्वास्थ्य विभाग और राजनांदगाव मेडिकल कॉलेज के सयुंक्त तत्वावधान में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जिले के विभिन्न ब्लॉक के बैगा, गुनिया, पेरमा एवं सिरहा और चिकित्सा विशेषज्ञों की मौजूदगी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में नवजात शिशुओं के लिए 1000 दिन तक आवश्यक स्तनपान, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। वहीं सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के के संबंध में भी चर्चा की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं की नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरुरी दवाइयों के साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सम्बंधित जांच को अवश्य कराएं। वहीं प्रसव पूर्व एवं प्रसव के बाद उचित देखभाल के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग और उससे होने वाले फायदों की भी जानकारी दी गई।



कार्यशाला में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि वयस्कों में बीपी-शुगर जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरक्षक क्षमता बढ़ती है। स्तनपान करवाने से माताओं को स्तन कैंसर से बचाव होता है। माहवारी की वजह से एनीमिक होने से बचने के लिए आयरन टेबलेट और अन्य चीजों की जरूरत होती है। मुनगा (सहजन) की पत्तियों का पावडर उपयोग करना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है।

डॉ महेश सांडिया, सीएमएचओ ने कहा कि टीकाकरण करवाने से 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है और ऐसी बीमारियों में बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी और पेरमा के सहयोग से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य की सेवा कर सकेंगे।

यूनिसेफ़ स्टेट आरएमएनसीएच के डॉ अक्षय तिवारी, मीडिया कलेक्टिव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स समन्वयक डी श्याम कुमार और लोक प्रशिक्षक( एमसीसीआर) प्रमोद पोटाई ने कहा कि बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह की कोई कोताही न बरतें। बच्चों में 12 गंभीर बीमारियों व उनसे बचाव, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं की टीकाकरण की जानकारी दी। समुदाय में सिरहा-गुनिया के प्रभाव का सकारात्मक उपयोग जन जागरूकता लाने में भी किया जा सकता है। जिससे एक छोटी सी सही सलाह से किसी का जीवन भी बचाई जा सकती है। कार्यशाला में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए लोगों की जिज्ञासा का समाधान किया गया।

**समाचार संक्षेप**

## शिक्षा विभाग में डोंगरे लंबे समय से संलग्न

**जगदलपुर, 18 सितंबर।** राज्य सरकार संलग्नीकरण को लेकर गंभीर है। संलग्नीकरण वाले अधिकारी कर्मचारियों को मूल पद पर वापस लाया जा रहा है। फिर भी एक-दो ऐसे मामले हैं जिनमें संलग्नीकरण को खत्म करने कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसा ही एक प्रकरण जिला शिक्षा कार्यालय में डोंगरे का है। जिला शिक्षा कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर डोंगरे लंबे समय से संलग्न हैं। संलग्नीकरण से उनका चोली दामन का संबंध है। कई अधिकारी-कर्मचारी इधर से उधर हो गए लेकिन न जाने क्यू डोंगरे का कोई बाल भी बांका नहीं कर पाया है। वे शायद संलग्नीकरण का रिकार्ड व इतिहास बना रहे हैं। चुनाव आयोग के निर्देश हैं कि एक ही स्थान पर तीन वर्षों तक जमें शासकीय सेवकों का तबादला कर दिया है। डोंगरे की मूल पद स्थापना जिला ग्रंथालय जगदलपुर में है। इस तरह का मामला शिक्षा विभाग के कई स्कूलों में है। कई शिक्षक लिपिक के पद पर संलग्न हैं। जबकि स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इससे स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है दरअसल बच्चों को पढ़ाने से ज्यादा जरूरी काम लिपिकिीय कार्य को मान लिया गया है। कई शिक्षक व कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार नजदीक के कार्यालय व स्कूलों में पदस्थ हैं। यह जांच का विषय है। संलग्नीकरण का खेल विभाग के कुछ अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है।

### एनएमडीसी किरंदुल के एम बी साइडिंग में नवनिर्मित प्रोटेक्शन वॉल गिरा

**किरंदुल 18 सितंबर।** लौह नगरी किरंदुल के एन एम डी सी प्रोजेक्ट एसपी थ्री में निर्माण की जा रही 140 करोड़ के प्रोटेक्शन बोल्डर और फेंसिंग जाली से बना वॉल अचानक शुक्रवार को शाम को करीबन तीन बजे अचानक एमबी साइडिंग कन्वेयर 315 के ऊपर गिर गया ।जिससे की एन एम डी सी को करोड़ों का नुकसान हुआ है और कन्वेयर क्षतिग्रस्त हो गया है। वॉल गिरने की जानकारी मिलते ही आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इस दीवार के गिरने से आम जनता में कार्य की गुणवक्ता को लेकर कई सवाल उठ रहे है। आप को बता दे की जहा पर यह घटना हुई वहा से से महज 50 मीटर की दूरी पर वार्ड नंबर 01 फाइनोर कैंप है कन्वेयर होने के कारण मलबा गिरने से कैंप तक नहीं पहुंच पाया जिससे से की किसी को कोई नुकसान एवं घायल नही हुआ । ज्ञात हो कि एन एम डी सी एसपी थ्री में बन रहे प्रोटेक्शन रिटर्निंग वॉल का कार्य पावर मेक कंपनी के द्वारा किया जा रहा था। इस कार्य की लागत 140 करोड़ रुपए की बताई जा रही है।



### राजीव युवा मितान क्लब सुपेला ने तीजहारिन महिलाओं को खिलाया करुभात



**अंवरी 18 सितंबर।** छः ग शासन के निर्देशानुसार राजीव युवा मितान क्लब द्वारा गांव गांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है उसी तारम्य में ग्राम सुपेला के राजीव युवा मितान क्लब द्वारा तीज के अवसर पर नारी शक्तियों को करुभात खिलाया गया कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को स्मरण करते हुए उनकी तैलचित्र को माल्यार्पण अर्पित करते हुए करुभात खिलाने के कार्यक्रम प्रारंभ की गई इस पर जिला पंचायत धमतरी की सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर करुभात कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और तीजहारिनो के साथ बैठकर करुभात का लुफ्त उठाई इस अवसर पर सभापति तारिणी चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ही है जो हर वर्ग की मान रख कर लोगो के लिए अनेको जनकल्याणकारी योजना संचालित कर हर वर्ग के लिए सुविधा प्रदान कर आमजनों को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने आगे कहा कि राजीव गांधी की सपनो को साकार करने के लिए भूपेश सरकार द्वारा गांव गांव में राजीव युवा मितान क्लब गठन की गई है युवा साथी संकल्पित होकर सरकार की मंशानुरूप कार्य कर रहे है इस अवसर राजीव युवा मितान के अध्यक्ष दिग्विजयसिंह,युगल किशोर साहू,जतिन साहू,झानेंद्र साहू,नेतराम निषाद,ताराचंद साहू,बुधारू राम साहू,घनश्याम साहू,डोमन साहू,गुहलेद साहू,विष्णु साहू,विकास साहू,गगनदीप साहू,उपेंद्र साहू,यदुनंदन साहू,तेजराम साहू आदि उपस्थित थे सैकड़ो की संख्या में तीजहारीन कार्यक्रम स्थल पहुंचकर भोजन ग्रहण किया!

एक नजर

## भारतीय वायु सेना अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में कैरियर मार्गदर्शन 21 को



**रायगढ़, 18 सितम्बर।** भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अनुसार जिला मुख्यालय रायगढ़ में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शास.आईटीआई रायगढ़ में समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शास.नटवर इंग्लिश मीडियम उ.मा.वि.रायगढ़ में समय दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

## विकासखंड स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रायगढ़, 18 सितम्बर।** रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों में कला उत्सव से संबंधित विभिन्न विधाओं जिसमे एकल गायन (शास्त्रीय एवं लोकगीत) एकल नृत्य (शास्त्रीय एवं लोक नृत्य), वादन, चित्रकला (द्विविमीय एवं त्रिविमीय) मूर्ति कला, अभिनय आदि विधाओं में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नवीं से 12वीं तक की विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक श्री एन.के.चौधरी के मार्गदर्शन शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में 15 सितंबर 2023 को विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ विकासखंड के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का पूरे उत्साह एवं मनोयोग से प्रदर्शन किया। विभिन्न विधाओं के प्रदर्शन के बाद निर्णायकों के कुशल निर्णय पश्चात जिन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के लिए किया गया है जिसमे वादन (स्वर वाद्य) अर्पण गुप्ता- सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, वादन (अवनाद्य वाद्य)- हर्ष राज सिंह-सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, गायन (पारंपरिक)- वासुदेव दुबे साधुराम विद्या मंदिर, कु कात्यायनी पालके (शास नटवर इंग्लिश स्कूल)हिंदी माध्य. शालिनी शुक्ला-(आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर),गायन-शास्त्रीय (मुस्कान ठाकुर) आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर, खिलौने नमन सिन्हा- सेंट टेरेसा स्कूल सपना जयसवाल- शास नटवर अंग्रेजी स्कूल, नृत्य (शास्त्रीय)समृद्धि शुक्ला-सेंट टेरेसा स्कूल, नृत्य (लोक) रूद्र शर्मा -सेंट टेरेसा स्कूल पायल यादव, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमालनगर, कु निकिता मेहर (शास नटवर इंग्लिश स्कूल)हिंदी माध्य., एकल अभिनय शिक्षा सिंह-जूटमिल, दृश्यकला (त्रिआयामी)विवेक प्रधान- सेंट टेरेसा स्कूल हर्षिता पटेल, सेंट टेरेसा स्कूल, दृश्यकला (द्विआयामी)नितिन चौहान- सेंट टेरेसा स्कूल ख्वाहिश देवांगन-सेंट टेरेसा स्कूल शामिल थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर नगर निगम में मूर्ति स्थापित

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पुजा अर्चना की गयी।महापौर श्रीमती देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है।

वेद व्यास श्याम नारायणाचार्य पधारे वृंदावन से

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से शहर की धरा होगी पावन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 18 सितंबर।** यहां के अग्रसेन भवन मे आज से पितृ मोक्ष गया श्राद्धांतर्गत भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूवात हुयी है,भागवत कथावाचन करने वृंदावन से आचार्य श्याम नारायणाचार्य शहर पधारे है,उनके द्वारा लगातार सात दिनो तक भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। आचार्य श्याम नारायणाचार्य अपने सहपाठियो के साथ दिन सोमवार से भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूवात किये है,भागवत कथा का आयोजन यहा के प्रतिष्ठीत फर्म मे.रामधन अग्रवाल द्वारा अपने पितरो के मोक्ष हेतु कराया जा रहा है,जो प्रत्येक रोज अग्रसेन भवन मे दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। सोमवार को सत्यनारायण मंदिर से दर्जनो महिलाओ द्वारा भागवत ग्रंथ के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। दोपहर पश्चात व्यासपीठ पर आचार्य श्याम नारायणाचार्य ने प्रथम दिन के अवसर पर भागवत महात्मय का वर्णन किया। इस दौरान गर्ग डाहौलिया परिवार के सैकडो सदस्य कथा का रसपान करने विराजमान थे,व्यासपीठ पर बैठे आचार्य श्याम नारायणाचार्य बताते है कि श्रीमद भागवत परम सत्य



की अनुभूति एवं कालभय से मुक्त कराने वाला ग्रंथ है,इसके श्रवण से मोक्ष प्राप्त होता है,उनका कहना था कि श्रीमद भागवत प्राणी की सतकामनाओ को पूर्ण करते हुये मृत्यु को मंगलमय बनाने मे विशुद्ध प्रेम शास्त्र का काम करता है,यह ग्रंथ नर को नारायण से जोडने मे एक सेतु की तरह काम करता है। उन्होने बताया कि 18 सितंबर दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरूवात हुयी है,जिसमे 19 सितंबर दिन मंगलवार को महाभारत की कथा,शुकदेव जी आगमन एवं पूजन किया जायेगा,20 सितंबर दिन बुधवार को वराह अवतार,कपिल जी का प्रसंग प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया जायेगा। 21 सितंबर दिन गुरूवार समुद्र मंथन,वामन चरित्र,रामजन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। 22 सितंबर दिन शुक्रवार को कृष्ण बाललीलाओ का वर्णन,श्री गिरिराज जी का पूजन संपन्न कराया जायेगा। 23 सितंबर दिन शनिवार को रासपंचाध्यायी उद्धव गोपी संवाद,रूकमणी कृष्ण विवाह संपन्न होगा एवं 24 सितंबर अंतिम दिन सुदामा चरित्र के साथ कथा विश्राम की जायेगी।

## संकुल केंद्र धनागर में हुई राष्ट्रीय आविष्कार मॉडल एवं क्विज प्रदर्शनी प्रतियोगिता



रायगढ़, 18 सितम्बर। राष्ट्रीय आविष्कार मॉडल एवं क्विज कार्यक्रम अंतर्गत संकुल केंद्र धनागर रायगढ़ में संकुल प्राचार्य श्री भरत लाल पटेल के निर्देशन व संकुल समन्वय धनागर श्री यशपाल नायक के मार्गदर्शन में मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। विदित हो कि संकुल केंद्र धनागार में हुए उक्त मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता में तीन संकुलों धनागर, कुसमुरा व ननसियां के 28 विद्यालयों से आए क्विज प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला के कुल 18 प्रतिभागी तथा मॉडल प्रदर्शनी में प्राथमिक शाला के कुल 12 प्रतिभागी वह माध्यमिक शाला के कुल 16 छात्र-छात्राएं प्रतिभागियों के रूप में सम्मिलित हुए। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुसमुरा की कुमारी महिमा चौहान, द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला उसरौट की छात्रा कुमारी सृष्टि सारथी, माध्यमिक खंड में प्रथम स्थान माध्यमिक शाला कुसमुरा की कुमारी श्वेता पटेल तथा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला जोरापाली के अनिरुद्ध सिदार प्राप्त किया। वही मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर प्राथमिक शाला कुसमरा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला केनापाली और प्राथमिक शाला उसरौट तथा माध्यमिक खंड से प्रथम स्थान माध्यमिक शाला धनागर द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला बजरंगपारा और तृतीय स्थान माध्यमिक शाला कलमी रहे। उक्त मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम में संकुल केंद्र धनागर से माध्यमिक शाला धनागर की शिक्षिका श्रीमती प्रेमा सिदार प्रधान पाठिका श्रीमती लक्ष्मी पटेल, श्रीमती ज्योति कुजूर, शिक्षिका श्रीमती गंगा यादव, शिक्षक श्री केशव चौधरी, श्री अंजय सूर्यवंशी, प्राथमिक शाला धनागर से प्रधान पाठक श्री नरेश नायक, प्राथमिक शाला बरमूडा से प्रधान पाठक श्री चतुर्भुज पटेल, प्राथमिक शाला जोरापाली से शिक्षक श्री प्रवीण कुमार नायक, माध्यमिक शाला जोरापाली से श्री रोशन नायक माध्यमिक शाला कुसमरा से श्री गिरधर चौधरी माध्यमिक शाला कलमी से श्री शिवा पटेल व प्राथमिक शाला बनहर से श्रीमती सविता पटेल, प्राथमिक शाला जामपाली से श्री पुष्पाकर पटेल प्राथमिक शाला उसरौट से श्री राकेश कुमार यादव, माध्यमिक शाला उसरौट से श्री कपिल देव चौहान, श्री विनोद चौधरी, श्री संदीप मनहर माध्यमिक शाला कुसमरा से श्री सुरेंद्र प्रधान प्राथमिक शाला कुसमरा से लक्ष्मी पटेल विनीता एक्का, श्री रामकुमार डनसेना, प्राथमिक शाला केनापाली से श्री शिवप्रसाद पटेल, प्राथमिक शाला बजरंगपारा से श्री मनीष कुमार नेगी हायर सेकेंडरी धनागर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## मशरूम उत्पादन विषय पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़, 18 सितम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा समिति रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण युवाओं हेतु मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण 11 से 16 सितंबर 2023 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन लीड बैंक प्रबंधक शैलेन्द्र टीयू व अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, रायगढ़ के आतिथ्य में हुआ। लीड बैंक प्रबंधक शैलेन्द्र टीयू ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मशरूम को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की आवश्यकता हैं क्योकि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है।सर्वप्रथम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस.राजपूत ने मशरूम, उत्पादन पश्चात मार्केटिंग किस तरह से कि जाए इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी। कृषि महा. एवं अनु. केन्द्र, रायगढ़ के अधिष्ठाता महोदय डॉ.ए.के. सिंह ने मशरूम उत्पादन एवं उसके व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में बताया।

# रीपा योजना से ग्रामीणों के जीवन में आया बदलाव

**रायगढ़, 18 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खेती-किसानी के साथ ही गांव में उद्यम लगाने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी मदद करने के मकसद से रीपा योजना शुरू की है। जिसके तहत कृषक उत्पादक समूहों एवं महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने में हर प्रकार की मदद की जाती है। रीपा योजना की सहायता से स्व-सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न आयमूलक गतिविधियां संचालित कर रही है। इससे न केवल इन महिलाओं के परिवार की वित्तीय स्थिति सुधरी है बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। रीपा योजना से जुड़कर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आया है।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार रीपा योजना अंतर्गत बीते 6 माह में कुल 14 रीपा में हितग्राहियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें 1 करोड़ से अधिक का उत्पादन कर बाजार में विक्रय किया गया। जिससे 25 लाख से अधिक की राशि का आय प्राप्त हो चुकी है। रीपा योजना से लाभ पाकर हितग्राहियों ने कहा यह हमारे लिए एक वरदान से कम नहीं है। जिले में इस प्रकार के 14 रीपा (प्रथम चरण में प्रत्येक विकास खंड में 2 रीपा) बनाये जाकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिला प्रशासन



द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत रीपा ग्राम के इच्छुक बड़े किसान, छोटे उद्यमी, राजीव गांधी मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता पाने वाने हितग्राही, एसएचजी की महिलायें एवं युवक-युवतियों सभी को आवश्यकता अनुसार वर्किंग शेड, बिजली व्यवस्था, पानी, इन्टरनेट, पार्किंग इत्यादि की सुविधाएं प्रदाय की जा रही है, जिससे की वो अपना उद्यम (सेटअप) आसानी से लगा कर ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों को काम दे सके तथा उनके एवं उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। हर रीपा में अलग-अलग मांग अनुसार उद्यमियों द्वारा उद्यम की स्थापना की गई है तथा लगातार अन्य जरूरतमंद उद्यमियों को स्थान दिया जा रहा है। खरसिया के बोतल्दा रीपा को पर्यटन, तो वही तमनार में सीएनसी कार्य को बढ़ावा, लैलूंगा के जैविक जवाफूल चावल की सुगंध, साथ ही विभिन्न उद्यमियों द्वारा मूर्ति निर्माण, मिट्टी के बर्तन, फेब्रिकेशन, सीमेंट गमला, मुर्रा मिल, बेकरी उत्पाद, जूट के बैग, मिल्लेट्स के जैविक उत्पाद, मशरुम उत्पादन, मुर्गी पालन, फ्लाई ऐस ब्रिक्स, फिनाईल, संबलपुरी साड़ी जैसे अनेकों उद्यमों में काम किया जा रहा है। अपना सुरक्षित भण्डारण, प्रसंस्करण, पैकिंग तथा ब्रांडिंग कर उत्पाद को अच्छे तरीके से बाजार में बेच रहे है। रीपा से महिला एवं पुरुष दोनों को लाभ दिए जाने की मंशा से कार्य को किया जा रहा है।

### रीपा उद्यमियों को मिल रहा लोन

रीपा उद्यमियों को उद्यम सेटअप हेतु पीएमईजीपी प्रकरण बनाकर समुचित लोन प्रदाय कराया जा रहा है, अभी तक कुल 7 व्यक्तिगत हितग्राहियों को उद्यम हेतु 74 लाख से अधिक रूपये का लोन दिया गया है। जिले में 67 व्यक्तिगत हितग्राही विभिन्न रीपा में कार्य कर रहे है। 40 से अधिक उद्यमियों को रीपा से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कार्यशील पूंजी दिया गया है। साथ ही उद्यमियों में कौशल विकास एवं क्षमता वृद्धि हेतु केवीके/आरसेटी अन्य जिलों का भ्रमण कराया जा रहा है, वहीं प्राइवेट कंपनियों से प्रशिक्षण की व्यवस्था लगातार की जा रही है। जिससे की वो पूर्ण दक्षता के साथ अपने कार्य को कर पाए एवं अच्छी आय अर्जित कर पाए।

समाचार संक्षेप

## चिकित्सा शिविर का लाभ ग्रामीणों ने उठाया



**बीजापुर, 18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के गंगालूर थाने के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में तैनात ई/85 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के द्वारा चेरपाल, बीजापुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में दिनांक 17/09/2023 को श्री. जैकब वी. तुसिंग कमाण्डेन्ट 85 वीं वाहिनी के निर्देशन में वाहिनी के डॉ0 ए0आर0 अरशद चिकित्सा अधिकारी और कंपनी कमाण्डर श्री सुनील कुमार द्वारा मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया तथा चिकित्सा शिविर में चेरपाल, बीजापुर लगभग 300 बच्चें एवं आस -पास के गॉव के कई ग्रामीणों नें मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर 85 बटा0 के डॉ0 ए0आर0 अरशद चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मुफ्त चिकित्सा जॉच कि गई और आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर मे भाग लेने वाले लोगो का बीमारियों के निदान हेतु पर्याप्त मात्रा में दवाईयां भी दिया गया।

## विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए संसदीय सचिव

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर रविवार को क्षेत्र में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।रविवार को तुमगांव, खड़सा, पासीद, जोबाकला व महासमुंद के अपना मार्केट में विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने उपस्थितजनों की मौजूदगी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाऊलाल चंद्राकर, मंडी सदस्य थनवार यादव, दिलीप चंद्राकर मौजूद रहे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा है कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में श्रमवीर सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा भी उन्हें दी गई है। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

## मजदूर दिवस पर भामसं ने विशाल रैली निकाली

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ ने आज अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयंती पर मजदूरों की विशाल रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये जयस्तंभ चैक में सभा के रूप में समाप्त हुई। इसके पूर्व सीजे पटेल गोदाम जी.ई.रोड में आयोजित राष्ट्रीय श्रम दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मजदूरों के लिये जन्म से लेकर मृत्यु तक की कालजयी योजनाएं तैयार की गई थी, जिसका लाभ प्रदेश के लाखों गरीब मजदूरों को मिला था, किन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश के वर्तमान मुखिया भूपेश बघेल ने श्रमिक कल्याण की ज्यादातर योजनाओं को बंद कर उन्हे दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया है। आज प्रदेश में चाहे वो संगठित क्षेत्र का मजदूर हो, चाहे असंगठित क्षेत्र का मजदूर हो, उनके कल्याण की योजनाओं का कोई माई-बाप नहीं है। विशेषकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का व्यापक पैमाने पर शोषण हो रहा है। उनके सामाजिक कल्याण के उत्तरदायित्व से वर्तमान सरकार विमुख हो गई है। उन्होनें भूपेश बघेल की सरकार को मजदूर विरोधी सरकार करार देते हुए इसके समूल नष्ट करने का आह्वान किया।समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई ने कहा कि देश के मजदूरों के लिये भगवान विश्वकर्मा उनके आराध्य है। वे विश्व के ऐसे व्यक्तित्व है जिन्होनें त्याग-तपस्या बलिदान का उदाहरण देते हुये अपने पुत्र के वध के लिये महर्षि दधिचि की हड्डियों से हथियार किया था। वे निर्माण के देवता है, उनकी उपासना ही मजदूरों के कल्याण का मार्ग है।उन्होने राष्ट्रीय श्रम दिवस की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने प्रारंभ से ही 1 मई के बजाय 17 सितंबर को मजदूरों का उनका वास्तविक दिवस मानता आ रहा है। 1 मई को उद्योगपतियों के षड्यंत्र से कुछ मजदूरों की मृत्यु हुई थी।

# चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकार दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**रायगढ़, 18 सितम्बर।** 38 वें चक्रधर समारोह का 19 से 21 सितम्बर तक नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में गरिमापूर्ण आयोजन होगा। जिसकी तैयारियां लगातार जारी है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होने वाले चक्रधर समारोह इस बार खास होने वाला हैं, क्योंकि पहली बार गणेश चतुर्थी पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिससे अधिक से अधिक नगरवासी समारोह का आनंद ले सकेंगे।

चक्रधर समारोह में पहली बार जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। जहां गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों के साथ ही युवा पीढ़ी के प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकार भी समारोह में हिस्सा ले रहें हैं। चक्रधर समारोह में इस वर्ष युवा सहभागिता के तहत बड़ी संख्या में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति एवं स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है।

19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उदघाटन श्री गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। जिसमें श्री वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय



गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे 'श्रीधारा' द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, श्री प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं श्री दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे।

चक्रधर समारोह में 20 सितम्बर को दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल द्वारा देशभक्ति, न्यू होराइजन स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ द्वारा ईश्वर भक्ति पर सेमी क्लासिकल, विद्या विकास कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ द्वारा कृष्ण लीला नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार सेंट जेंवियर्स स्कूल रायगढ़ द्वारा राजस्थानी व हरियाणवी, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली द्वारा शिव तांडव पर कथक एवं भरतनाट्यम, जीजी बोर्डिंग स्कूल धनुवारडेरा द्वारा गुजराती नृत्य, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गीत (केसरी लो) पर रास] सेजेस शासकीय स्कूल तमनार द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा दुर्गा एवं काली पर आधारित मराठी नृत्य, कार्मेल हिन्दी माध्यम स्कूल रायगढ़ द्वारा देश भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर को शाम 6 बजे से सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, श्री मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, श्री गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, श्री हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी। इसी प्रकार 21 सितम्बर को दोपहर 12 से 04 बजे तक सुश्री धरित्री सिंह चौहान पुसौर द्वारा कथक, सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा कथक, श्री शेखर गिरी एवं ग्रुप द्वारा पंथी नृत्य, विजय शर्मा द्वारा जसगान एवं लोक गायन तथा नृत्य, सुश्री गीतिका वैष्णव द्वारा महिषासुर मर्दिनी/लोकगायन/नृत्यए श्री मनोज तिवारी द्वारा जस जागरण लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुश्री अनंता पाण्डेय द्वारा कथक, श्री ललित यादव द्वारा सुगम संगीत भजन, सुश्री पर्ल मोटवानी द्वारा शास्त्रीय गायन, डॉ.दीपिका सरकार एवं ग्रुप द्वारा भरत नाट्यम, श्री हरे कृष्ण तिवारी द्वार बांसुरी वादन, सुश्री शार्वी केशरवानी द्वारा कथक एवं श्री विजय सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी जाएगी। 21 सितम्बर को शाम 6 बजे से इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, श्री अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, श्री इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं श्री युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा नाटक (इप्टा)की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से आएगा 60 कलाकारों का दल, प्रतिभागियों में दिख रहा उत्साह लंबे समय तक एशिया के एक मात्र संगीत विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 60 कलाकारों का दल भी इस दफे चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देंगे। उक्त दल के प्रभारी डॉ.योगेन्द्र चौबे ने बताया कि चक्रधर समारोह में खैरागढ़ विश्वविद्यालय के 60 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। कलाकारों में इसको लेकर खासा उत्साह हैए वे निरंतर अभ्यास कर रहे हैं और चक्रधर समारोह के मंच पर अपनी प्रस्तुति को लेकर काफी उत्सुक है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा शास्त्रीय गायन, सरोद वादन, ताल वादन, ताल कचहरी, सुगम संगीत, कथक एवं छत्तीसगढ़ के लोक गीतों एवं नृत्यों में श्रीराम को किन-किन रूपों में देखा गया है पर आधारित (लोक में राम) की छत्तीसगढ़ी लोक संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# कचरामुक्त शहर के लिये स्वच्छता दीदीयों, शालेय विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाः स्वच्छता अपनाने ब्रांड एम्बेसडर ने दिलाई शपथ, पंचायत के बाहर भी चला स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 16 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन नगर पंचायत सिमगा द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता लींग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत आज ब्रांड एम्बेसडर अमन सोनी के आतिथ्य में नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सिटी कैप्टन ने स्वच्छता दीदीयों, शालेय विद्यार्थियों तथा पंचायत पदाधिकारियों व अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई एवं शपथ उपरांत आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना की। रैली में स्वच्छता दीदीयों सहित हाई स्कूल एवं आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्काउट एवं एनसीसी के कैडेटों ने शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कर स्वच्छता अपनाने नारा लगाते हुये लोगों को स्वच्छता से जुड़ने अपील किये। इस दौरान निगम परिसर के सामने रोड में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गयी।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिटी कैप्टन ने कहा कि हमारा हिन्दुस्तान स्वच्छ एवं सुंदर हो इसके लिये हम सबको प्रयास करना है, हमारे स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्र स्वच्छता की ऋष्ठ की हड्डी है, इनके कारण ही हमें स्वच्छ वातावरण मिलता है। उन्होंने कहा कि हम सबका उद्देश्य है कि अपने शहर को साफसुथरा रखना, इसके लिये हमे अपने घर से निकलने वाले कचरे का निपटान करना है। गीला एवं सुखा कचरा घर में ही पृथककरण कर स्वच्छता दीदीयों को देना है। स्वच्छता पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आप सब अपने घरों में स्वच्छता अपनाये अपने परिवार तथा आस पास के लोगों को साफ सफाई के लिये प्रेरित करे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने घर के महिलाओं को कचरा अलग रखने, स्वच्छता दीदीयों को कचरा देने, समझाईस देवें, शासन के जीरो वेस्ट थीम की सार्थकता तभी पूरी होगी जब हम कचरे का पूरा निपटान करेंगे।

सफाई विभाग के प्रभारी भगवान दास ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने शहर को कचरा मुक्त करना है, इसके लिये आप सबका सहयोग जरूरी है। अपने आस पास के लोगों को कचरा के निपटान के लिये समझाना है, स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। स्वच्छता की ब्राण्ड एम्बेसडर अमन सोनी ने कहा कि अपने घर के कचरों को साफ कर शून्य करना है। जीरो वेस्ट का मतलब कचरे का निष्पादन कर कचरे से मुक्त होना है। उन्होंने कहा कि शहर एवं राज्य को नम्बर 1 बनाना है, इसके लिये वोट करना है और लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। सी एम ओ यशवंत वर्मा ने संबोधित करते हुये कहा कि आज स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है जो 2 अक्टूबर 2023 तक चलेगा, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती है, उन्होंने स्वच्छता अपनाकर, स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाये, इसी लिये उनकी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा शासन द्वारा आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार साफ सफाई संबंधित विभिन्न गतिविधियों में स्वच्छता जन जागरूकता, जनभागीदारी से तालाब सफाई अभियान, नुक्कड नाटक, रैली, प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण स्वच्छता पखवाड़ा में किया जाना है।

# नगर पालिका में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 18 सितम्बर।** स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद भाटापारा में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ 15 सितंबर से किया गया अभियान के तहत 15 सितंबर को स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों की साफ सफाई किया गया तथा 9 बजे शहर के सभी मणीकंचन केन्दो के आसपास की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा प्लास्टिक बनने के कार्य किया गया एवं 16 सितंबर को नगर पालिका की कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा कल्याण सागर तालाब की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया तथा मणीकंचन केन्दो की महिला स्व सहायता समूह को शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने हेतु शपथ दिलाई गई देशभर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य थीम है गार्बेज फ्री इंडिया है जिसमें अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे पखवाड़े के तहत भाटापारा नगर पालिका द्वारा अलग-अलग आयोजन किया जाएगा 15 एवं 16 सितंबर का विशेष अभियान के तहत इसकी शुरुआत की गई जिसके बाद 21 सितंबर को महिला स्व सहायता समूह एवं निकाय के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की समस्त योजनाओं की जानकारी दी जावेगी उक्त अभियान में स्वास्थ्य विभाग के सभापति रोहित साहू पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा कार्यपालन अभियंता एस डी शर्मा उप अभियंता राकेश सोनी स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक अजय नायडू जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे धनेश साहू, कन्हैया ठाकुर, बंसी चौहान, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर, केशव वैष्णव, सुनील यादव एवं अन्य निकाय की कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर किया श्रमवीरों का सम्मान



**तिल्दा-नेवरा, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज मिस्त्री निर्माण कार्य के श्रमिकवीरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के नेता अनिल अग्रवाल नरेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु भाग बली साहू शोरभ जेन मनोज निषाद सहित अनेक लोग उपस्थित थे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की इस तरह आयुष मान कार्ड के लाभार्थियों प्रधान मंत्री आवास के लाभार्थियों किसानों सहित अन्य लाभार्थियों का सम्मान किया गया। श्रमिक वीरों के सम्मान अवसर पर बीजेपी के अनेक लोग उपस्थित थे।

### सट्टा-पट्टी लिखने वाला गिरफ्तार,8650 रुपए जब्त

**बलौदाबाजार, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध जुआ सट्टा खेलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 713/2023 धारा 4 (क) जुआ एक्ट एंव 6 छग जुआ प्रतिषेध अधि0 2022 के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। नाम आरोपी कमलेश साहू पिता सियाराम साहू उम्र 29 साल साकिन संध्या पेट्रोल पंप के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार मामला इस प्रकार है कि 17 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी कमलेश साहू पिता सियाराम साहू उम्र 29 साल साकिन संध्या पेट्रोल पंप के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से सट्टा पट्टी का नगदी रकम 650 रूपये एवं एक मोबाईल स्क्रीन टच किमती 8000 रू. जुमला किमती 8650 रूपये को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 4 (क) जुआ एक्ट एंव 6 छग जुआ प्रतिषेध अधि0 2022 का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर सुखसागर मरावी आरक्षक देव निराला, बसंत साहू एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार स्टाफका विशेष योगदान रहा।



## चिरायु योजना से मिल रही है बच्चों को नई जिंदगी

# श्रवण बाधित आराध्या की सफल सर्जरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 सितंबर।** भाटापारा शहर की निवासी छः वर्षीय बच्ची आराध्या को जन्म से ही सुनने की समस्या रही। बच्ची के पिता हेम कुमार देवांगन ने बताया की बच्ची के जन्म के लगभग एक वर्ष के भीतर ही यह आभास हो चुका था की बच्ची को सुनने में समस्या है क्यों कि आवाज़ों पर वह प्रतिक्रिया नहीं देती थी। इस स्थिति में एक निजी अस्पताल में सबसे पहले सुनने की क्षमता की जाँच के लिए बेरा टेस्ट किया गया जहाँ बताया कि बच्ची 90 प्रतिशत से अधिक श्रवण बाधित है जिसके लिए कॉकप्लेयर इंप्लांट सर्जरी की आवश्यकता पड़ेगी।।इस बारे में भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार क्योंकि बच्ची शब्दों को सुन नहीं पाती है, उनके नाम नहीं जानती जिस कारण वह चीजों को पहचान भी नहीं पाती ऐसे में उसे स्पीच थेरेपी की भी जरूरत पड़ी। भाटापारा में ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) की टीम द्वारा माता-पिता से संपर्क कर उसके इलाज की व्यवस्था की गई।

कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, में कॉक्लियर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है जो सर्जरी के माध्यम से कान में लगाया जाता है जिसका एक भाग कान के बाहर पीछे की ओर तथा दूसरा भाग कान के आंतरिक भाग में बिठाया जाता है। बच्ची की सर्जरी की व्यवस्था राजधानी रायपुर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल (मेकाहारा) में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ हंसा बंजारे की देख रेख में टीम ने की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार कॉक्लियर इंप्लांट निजी अस्पतालों में एक महंगी सर्जरी मानी जाती है जिसका अनुमानित खर्च 5 से 6 लाख रुपए पड़ता है। चिरायु के माध्यम से यह उपचार पूरी तरह से बच्ची के लिए निःशुल्क रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से चिकित्सा दल स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करता है तथा किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या के निदान हेतु आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को उच्च संस्थानों में उपचार करवाने की व्यवस्था भी करता है जो की पूरी तरह से निःशुल्क होता है। उक्त बच्ची के उपचार में सहयोग करने वाली चिरायु टीम में डॉ सोनल तिवारी, डॉ राजकुमार साव, कविता वर्मा और मनोज साहू सम्मिलित रहे।



## समाचार संक्षेप

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निकाली गई रैली, हुई साफ-सफाई




**दल्लीराजहरा, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत चिखलाकसा में भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वछता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वछता रैली निकली गयी व सार्वजनिक स्थानों में सफाई किया गया, लोगो को पुष्प भेट कर स्वछता में सहयोग करने की अपील की गयी, इस कर्यक्रम में, शासकीय हाई स्कूल चिखला कसा के शिक्षक, व स्कूली बच्चो सहित, सीएमओ. अरविन्द नाथ योगी, इंजीनियर राकेश कुमार पाठक, अध्यक्ष भिखी मासिया, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, पार्षद गण जनप्रतिनिधि, निकाय कर्मचारी, महिलासमूह व नागरिकगण उपस्थित थे।

### स्कूल मरम्मत में भ्रष्टाचार की जांच की मांग शिवसेना ने की



**भानुप्रतापपुर, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकास खण्ड दुर्गुकोंडल अंतर्गत पूरे क्षेत्र में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके दलालों द्वारा सत्ता के संरक्षण में खुलेआम भ्रष्टाचार कर आम जनता के खून पसीने की कमाई को लूटमार किया जा रहा है। इन भ्रष्टाचारियों को ना ही शासन का। ना ही प्रशासन का । इनको किसी का भी डर नहीं है। क्यों कि यह अधिकारी खुलेआम भ्रष्टाचार करके भ्रष्टाचार का हिस्सा विधायक, सांसद को भी दे रहे हैं। क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर स्कूलों की दशा सुधारने हेतु शासन द्वारा करोड़ों रुपए भेजा गया है। किंतु खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोदल द्वारा ब्लॉक के स्कूलों की मरम्मत के नाम पर बाहर के ठेकेदारों को बुलाकर के करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गकोंदल द्वारा अपने बाहरी चाहते ठेकेदारों के माध्यम से पूरे ब्लॉक के स्कूल मरम्मत के नाम पर नियम कायदों को ताक पर रखकर लाखों रुपया का गुणवत्ताहीन कार्य कराया जा रहा है। ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में स्कूल मरम्मत के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार, अनियमिता के जांच की मांग को लेकर शिवसेना द्वारा तहसीलदार दुर्गकुंडल के माध्यम से कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन प्रेषित कर दुर्गकोदल खंड शिक्षा अधिकारी पर उचित कार्यवाही की मांग किया है। कार्यवाही नहीं होने की दशा में शिवसेना द्वारा संबंधित विभाग का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से चैनूराम सिवान, अनीस नरेटी, उमेंद्र यूके, संपत जैन धर्मेंद्र यादव, सोनऊ पोटाई एवं अन्य शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तिल्दा-नेवरा में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा-नेवरा, 18 सितम्बर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय तिल्दा नेवरा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक रैली का आयोजन 15सितंबर को किया गया जिसमे मुख्य नगर पालिका के अधिकारी अनीश ठाकुर अभियंता सचिन भागवत पालिका के मोती शर्मा सुपर वाइजर उमेश कोसरिया सहित सफाई कर्मचारी सफाई मित्र सफाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी और नगर के नागरिक भी समलीत हुए। इस आयोजन के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ठाकुर ने बताया की 15सितंबर से सभी वार्डो में सार्वजनिक जगह चौक चौराहों की विशेष सफाई अभियान चलाया गया है साथ ही नगर की प्रमुख सड़को और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तिल्दा नेवरा की जनता से अपील की है की नगर पालिका द्वारा इस स्वच्छता पखवाड़ा में सभी वार्ड वासी और नगर के जनप्रतिनिधि भी सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### शराब का अवैध परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं अति.पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 16/9/23 को विशेष अभियान चलाकर मुखबिर लगाकर पलारी से लवन महुआ शराब बिक्री करने की सूचना पर लवन में घेराबंदी कर आरोपी जगतारण दास रात्रे पिता भोजराम उम्र 21 साल ग्राम खेरी थाना पलारी के कब्जे से एक थैला में तीन प्लास्टिक झिल्ली अंदर रखें कुल 15 ली. महुआ शराब किमती 3000/- बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर 17 सितम्बर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। तथा लवन में एक चखना दुकानदार द्वारा लोगों को अवैध रूप से सुविधा मुहैया कराकर शराब पिलाते पाए जाने पर आरोपी अजय साहू पिता परदेसी साहू उम्र 23 साल निवासी लवन के विरुद्ध धारा 36 सी आब. एक्ट की कार्यवाही किया गया, शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध लवन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।



# बाढ़ प्रभावित किसानों से मिलने पहुँचे सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 सितम्बर।** कृषि मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने लगातार वर्षा से प्रभावित भाटापारा विधान सभा के ग्राम सेमरिया घाट और कुलीपोटा गाँव में अल सुबह पहुँच कर किसानों और मतदाताओ से रूबरू जन सम्पर्क कर अत्याधिक पानी से होने वाले फ़सलों के नुक़सान की जानकारी विस्तार पूर्वक ली। सुशील शर्मा ने बताया की ग्राम सेमरिया और कुलीपोटा सहित दौरेंगा, मर्राकोना गाँव के किसानों की सैकड़ो एकड़ ज़मीन में लगी सब्ज़ी और धान की फ़सल पानी में डूब चुकी है, अधिक पानी की वजह से सब्ज़ी की फ़सल को भारी नुक़सान होने की संभावना दिखाई दे रही है, गाँव के किसान मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के आने पर उत्साहित होकर पूरे गाँव की गलियों का भ्रमण कराते हुये ग्राम वासीयो से मुलाक़ात कर अत्यधिक पानी से होने वाले नुक़सान की भरपाई कराने यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू से चर्चा करने की बात कही, डुबान में आने वाले गाँव का दौरा करने मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा मोटर सायकल से गाँव पहुँच कर लगभग 3 से 4 फिट बहते पानी में चलकर पार करने के बाद किसानों से मुलाक़ात किये। सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से सचिन शर्मा, रघुनाथ निषाद, झगर निषाद, भुजंग निषाद, सुमिरन मानिकपुरी, कुमार निषाद, महेश निषाद, ग़रीबा निषाद, कार्तिक निषाद, सहित अनेक ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

## नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी ने नागरिकों व सभी समाज के साथ बैठक कर सभी उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

# गणेश उत्सव झांकी व ईद मिलादुन्नबी के लिए पर्याप्त बल तैनात

■ गणेश चतुर्थी व ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हुल्लड़ और बदमाशी करने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 सितम्बर।** सितंबर माह मे पढ़ने वाले गणेश उत्सव झाकी व ईद मिलादुन्नबी उत्सव को लेकर रविवार को थाना परिसर मे शांति समिति का बैठक नायब तहसीलदार योगेश राजपूत के अध्यक्षता मे रखा गया था बैठक मे नगर के गणमान्य नागरिक के साथ नगर के व्यापारिगण बड़ी संख्या मे शामिल हुए।इस अवसर पर नायब तहसीलदार योगेश अग्रवाल ने कहा की आगामी दिनों मे गणेश चतुर्थी, और ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार है जिसे हमें शांति व शौहाद्र के साथ मनाना है ताकि क्षेत्र मे आपसी भाईचारा बना रहे उन्होने बैठक मे उपस्थित लोगो से ख़ासकर युवाओं से शांति व्यवस्था बनाये रखने मे प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए छुरा थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत ने कहा की नगर मे शांति व्यवस्था बनाये रखना प्रत्येक नागरिक का फर्ज है उन्होंने लोगो से ख़ासकर युवाओं से अपील किया है की गणेश स्थापना के समय जुलुस व झाकी शांतिपूर्ण तरीक से निकाले साथ ही यह भी ध्यान रखे की जुलुस के दौरान किसी पर भी किसी तरह की टिका टिप्पणी न करे उन्होंने कहा की गणेश चतुर्थी व ईद मिलादुन्नबी के जुलुस के अवसर पर पुलिस द्वारा कानून सुरक्षा व व्यवस्था बनाये रखने पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा साथ ही हुल्लड व बदमासी करने वालो पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही इस अवसर पर नाथमाल शर्मा, इस्माइल खान, दिनेश कोठरी, इस्माइल मेमन, रमेश शर्मा, रितेश दीक्षित, अखिल चौबे कुलेश्वर सिन्हा, शीतल ध्रुव, मेषनन्द पाण्डेय, विकास देवांगन, मोनू सेन, प्रकाश सिन्हा, यामीन, संकेत, यादव, रजत रजत ध्रुव कुलेश्वर निर्मलकर, दीपक दीवान, राहुल नामदेव सहित नगरवासी शामिल हुए।



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**निपनिया, जिला बलौदाबाजा-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202309211900001
ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम-चंदली प.ह.नं. 25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ईश्तहार के द्वारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टीकाराम यादव पिता मयाराम यादव जाति राउत निवासी ग्राम चंदली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा अपने माता श्री अमरीका बाई यादव पति श्री मयाराम यादव माता का नाम श्रीमती बिसाहीन यादव की मृत्यु दिनांक 02 /02/2007 को (स्थान) ग्राम चंदली का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव सिलवा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 22/09/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 22/09/23 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निश्चित समयाविध के पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/09/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**निपनिया**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**निपनिया, जिला बलौदाबाजा-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202309211900002
ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम-चंदली प.ह.नं. 25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टीकाराम यादव पिता मयाराम यादव जाति राउत निवासी ग्राम चंदली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता श्री मयाराम यादव पिता ढेलउराम यादव माता का नाम श्रीमती यशमत यादव की मृत्यु दिनांक 01/06/1990 को (स्थान) ग्राम चंदली का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव सिलवा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 22/09/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 22/09/23 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निश्चित समयाविध के पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/09/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**निपनिया**



श्रद्धा और विश्वास के पावन पर्व




तीजा

पर माताओं और बहनों को

शुभकामनाएं

समान अवसर और अधिकारों से
नारी शक्ति का सम्मान

- महिला स्व-सहायता समूहों के 12.77 करोड़ रुपये का ऋण माफ
- राज्य महिला कोष मद में 5 गुना वृद्धि
- ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण, जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को मिला अधिकार
- महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 1.8 लाख महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा
- पंजीकृत श्रमिक परिवार की दो बेटियों को 1-1 लाख रु की सहायता (12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर)
- महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु राज्य महिला उद्यमिता नीति 2023-28 के तहत 10-50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./38519/33

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23